


R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 253 लखनऊ, बुधवार 06 मई 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## बंगाल में अपने डेब्यू शपथ ग्रहण के लिए बीजेपी ने 9 मई का दिन ही क्यों चुना?

एजेंसी।

नयी दिल्ली। चुनावी प्रचार के लिए कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आए पीएम मोदी ने रविंद्र नाथ टेगौर की कविता 'बिपदे मोरे रक्षा कोरो, ये नहे मोर प्रार्थना, बिपदे आमि ना येन करि भय' के साथ अपने भाषण को समाप्त करते हुए जनता से अपील की कि वे इस बार निर्भीक होकर परिवर्तन के लिए वोट करें। राजनीति में संकेतों का बड़ा ही महत्व है। उसी संकेत को आगे बढ़ाते हुए बंगाल में मिली ऐतिहासिक जीत के साथ आहगे बढ़ते हुए अब बारी ताजपोशी की है।ष्अपने शुभ कर्म पथ पर निर्भीक होकर आगे बढ़ो। सभी दुर्बलता और आशंकाएं समाप्त हो जायेंगीष। सितंबर का महीना साल 2021 जब अमेरिका दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पंडित दीन दयाल



उपाध्याय के एकात्व मानव दर्शन से शुरुआत करते हुए चाणक्य की नीतियों के सहारे प्रासंगिकता की सीख देते हुए टैगोर की कविता से संबोधन का समापन किया। कट टू साल 2026 मार्च का महीना पश्चिम बंगाल में चुनाव की सरगर्मियां जोरों पर थी। चुनावी प्रचार के लिए कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आए पीएम मोदी ने रविंद्र नाथ टेगौर की कविता 'बिपदे मोरे रक्षा कोरो, ये नहे मोर प्रार्थना, बिपदे आमि ना येन करि भय' के साथ अपने भाषण को समाप्त करते हुए जनता से अपील की कि वे इस बार निर्भीक होकर परिवर्तन के लिए वोट करें। राजनीति में संकेतों का बड़ा ही महत्व है। उसी संकेत को आगे बढ़ाते हुए बंगाल में मिली ऐतिहासिक जीत के साथ आहगे बढ़ते हुए अब बारी ताजपोशी की है। यानी बीजेपी की नई नवेली सरकार का शपथग्रहण और इसके लिए बीजेपी ने तारीख भी बेहद खास चुनी है। भाजपा की रिकॉर्ड तोड़ जीत के बाद, नई सरकार 9 मई को टैगोर की जयंती पर शपथ लेगी। भाजपा नेता दिलीप घोष ने खड़गपुर में निर्णायक जीत दर्ज की, 30,000 से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल की – जो 2016 में उनके लगभग 6,000 वोटों के अंतर से मिली जीत से कहीं अधिक है। इस बढ़ी हुई बढ़त ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल पैदा कर दिया। घोष ने समर्थकों को धन्यवाद देने के लिए एक नाटकीय अंदाज में जेसीबी मशीन पर चढ़कर जश्न मनाया, जो उत्तर प्रदेश में अक्सर देखने को मिलता है। प्रारंभिक मतगणना के रुझानों से ही भाजपा ने इस क्षेत्र में स्पष्ट बढ़त बनाए रखी थी, और घोष दिन भर क्षेत्र का दौरा करते हुए आत्मविश्वास से भरे रहे। परिणाम घोषित होने के बाद, उन्होंने केंद्रीय विद्यालय स्थित मतगणना केंद्र के पास समर्थकों को संबोधित किया और त्वरित विकास का वादा किया। उन्होंने कहा, "इस बार जीत का अंतर 2016 से कई गुना अधिक है।

## यूपी में बनेंगे 827 एग्रीजंक्शन केंद्र, कृषि स्नातकों को मिलेगा रोजगार

संवाददाता।

लखनऊ। किसानों को एक ही स्थान पर कृषि से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 827 एग्रीजंक्शन केंद्र खोले जाएंगे। वन स्टॉप सेंटर की तर्ज पर सभी जिलों में ब्लॉक व तहसील मुख्यालयों पर इन केंद्रों की स्थापना 'प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) योजना' के तहत की जाएगी। सरकार ने इसके लिए योजना की वित्तीय वर्ष 2026–27 की कार्ययोजना को मंजूरी दे दी है। इन केंद्रों के संचालन का जिम्मा कृषि स्नातक युवाओं को दिया जाएगा। योजना के तहत किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक, जैव उत्पाद, कृषि यंत्र और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। इन केंद्रों पर किसान आधुनिक तकनीक, मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरक सलाह, फसल प्रबंधन और बाजार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा छोटे कृषि यंत्र किराये पर मिलेंगे, उपकरणों की मरम्मत, कृषि उत्पादों की बिक्री और प्रसंस्करण की सुविधा भी मिलेगी।



योजना में वही युवा पात्र होंगे जो कृषि या कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक हैं। उनकी आयु अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं को पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। चयन प्रक्रिया जिला स्तर की समिति द्वारा पारदर्शी तरीके से की जाएगी। चयनित लाभार्थियों को 13 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें कृषि व्यवसाय, तकनीकी जानकारी और प्रबंधन से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद ही ऋण वितरण किया जाएगा और केंद्र की स्थापना कराई जाएगी।

प्रत्येक एग्रीजंक्शन केंद्र की लागत लगभग 4.22 लाख रुपये निधारित की गई है। इसमें 3.5 लाख रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा पहले वर्ष में किराया सहायता के रूप में अधिकतम 24 हजार रुपये और प्रशिक्षण व अन्य खर्चों के लिए भी सहायता दी जाएगी। योजना में प्रति केंद्र कुल लगभग 77,900 रुपये तक की सहायता का प्रविधान किया गया है। कार्ययोजना के अनुसार 30 जून तक तक प्रचार–प्रसार किया जाएगा। इसके बाद 15 जुलाई तक लाभार्थी चयन और इसके बाद 15 अगस्त तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद लाइसेंस, ऋण वितरण के सहित केंद्रों की स्थापना का काम 31 अक्टूबर तक पूरा किया जाना है। योजना का क्रियान्वयन जिला स्तर पर उप कृषि निदेशक की निगरानी में किया जाएगा, जबकि मंडल स्तर पर संयुक्त कृषि निदेशक इसकी देखरेख करेंगे।

## रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती ललित कला विभाग के द्वारा होगी कला की वर्षा

### चित्रा इंटरनेशनल आर्ट गैलरी, बल्लूपुर में आयोजित 'वार्षिक कला प्रदर्शनी' में युवा एवं उभरते कलाकारों की सृजनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर

विजडम इंडिया।

देहरादून। कला प्रेमियों के लिए एक विशेष अवसर लेकर आ रही है "कला वर्षा" वार्षिक कला प्रदर्शनी 2026 चित्रा




इंटरनेशनल आर्ट गैलरी, बल्लूपुर में दिनांक 7 मई से 11 मई 2026 तक आयोजित होने वाली यह पाँचवीं वार्षिक कला प्रदर्शनी "कला वर्षा 2026" युवा एवं उभरते कलाकारों की सृजनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक भव्य मंच सिद्ध होगी।

इस भव्य आयोजन का संयोजन डॉ मुक्ति भटनागर सुभारती स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एण्ड फैशन डिजाइन, द्वारा किया जा रहा है, जो रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालाय देहरादून से संबद्ध हैं।

यह प्रदर्शनी स्व.संघमाता डॉ मुक्ति भटनागर को समर्पित है।

इस अवसर पर न्यासी डॉ अतुल कृष्ण न्यासी सुभारती ग्रुप ने अपने संदेश में कहा कि "कला वर्षा 2026" विद्यार्थियों के सृजनात्मक विकास हेतु एक उत्कृष्ट मंच है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ . देश दीपक ने भी अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए इस आयोजन को कला के प्रचार–प्रसार के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण बताया।

साथ ही श्रीमती अवनी कमल सहायक निदेशक (शैक्षणिक) ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। डीन डा.रीता तेवारी एव प्रदर्शनी संयोजक विभागाध्यक्ष श्री संतोष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं तथा उनकी सृजनात्मक क्षमता को निखारते हैं। यह प्रदर्शनी पाँच दिन के लिए खुली रहेगी। यह प्रदर्शनी आने वाली पीढ़ी के लिए मार्ग प्रसस्थ करेगी। इस प्रदर्शनी में ललित कला स्नातक (बीएफए),बी.एफ.डीन. एवं ललित कला स्नातकोत्तर (एम.एफ.ए.) के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित चित्रकला, मूर्तिकला, अनुप्रयुक्त कला, स्थापना कला (इंस्टॉलेशन) फैशन डिजाइन एव अन्य समकालीन कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है, अपितु जनसामान्य में कला के प्रति जागरूकता एवं रुचि उत्पन्न करना भी है। "कला वर्षा 2026" में आगंतुकों को विविध रंगों, विचारों एवं अभिव्यक्तियों की अनुपम झलक देखने को मिलेगी। पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में कला प्रेमियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रतिष्ठित कलाकारों के आगमन की संभावना है, जिससे यह आयोजन नगर के प्रमुख सांस्कृतिक आकर्षणों में सम्मिलित होगा।

संस्थान की ओर से समस्त कला प्रेमियों, शिक्षाविदों एवं नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस प्रदर्शनी में पधारकर युवा कलाकारों का उत्साहवर्धन करें तथा भारतीय कला की इस सृजनात्मक यात्रा का अंग बनें।

स्थान– चित्रा इंटरनेशनल आर्ट गैलरी, बल्लूपुर, देहरादून/समय– प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

कला की इस वर्षा में आप सभी का हार्दिक स्वागत है।



# किन्नर बनकर महिलाओं से लूट करने वाला गिरोह गिरफ्तार, सीसीटीवी खंगालकर पुलिस ने किया खुलासा

लखनऊ(आरएनएस )। राजधानी के थाना बिजनौर क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं से झपट्टा मारकर मंगलसूत्र और कान की बालियां लूटने की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए जेवरात और घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार भी बरामद की है।प्रकरण के अनुसार 04 मई 2026 को वादिनी की तहरीर पर थाना बिजनौर में मु0अ0सं0–118ध्2026 धारा 309(4) बीएनएस के तहत अज्ञात किन्नरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं से कार सवार किन्नरों ने झपट्टा मारकर मंगलसूत्र और कान की बालियां छीन ली थीं।घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी लखनऊ के निर्देशन में कई टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने करीब 100 से 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सघन जांच के बाद आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। इसके बाद 05 मई 2026 को अलीनगर खुर्द अंडरपास के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तों में अजय रावत उर्फ रानी किन्नर (23 वर्ष), आकाश गुप्ता उर्फ कमौलिका उर्फ कम्मो (24 वर्ष) तथा रफीक अहमद (44 वर्ष) शामिल हैं, जबकि अन्नू नामक एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे किन्नर होने का फायदा उठाकर महिलाओं को निशाना बनाते थे। पहले घर में शादी होने का बहाना बनाकर पैसे मांगते थे और पैसा न मिलने पर अशोभनीय हरकतें कर दबाव बनाते थे। इसके बाद महिलाओं को डरा–धमकाकर उनके पहने हुए जेवर छीनकर फरार हो जाते थे। कई मामलों में विरोध करने पर मारपीट भी करते थे।घटना के दिन भी आरोपी वैगनआर कार से निकले थे और सुबह करीब 6 बजे बिजनौर कस्बे में सड़क किनारे टहल रही दो महिलाओं को निशाना बनाकर उनके गले का मंगलसूत्र और कान की बालियां छीन ली थीं। लूट के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे और बाद में लूटे गए जेवर आपस में बांट लिए थे।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मंगलसूत्र, दो जोड़ी कान की बालियां और घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर ली है। ि

# महिला आरक्षण लागू करने की मांग तेज, प्रीपेड मीटर मुद्दे पर सरकार पर हमला-अखिलेश यादव

लखनऊ,(आरएनएस ) । अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण और बिजली बिल के मुद्दे पर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई हैं। उन्होंने कहा कि 'पीडीए' की ओर से मांग है कि संसद में पारित महिला आरक्षण कानून को वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में लागू करने की घोषणा भाजपा सरकार तत्काल करे।अखिलेश यादव ने कहा कि यदि सरकार इस संबंध में स्पष्ट घोषणा नहीं करती है, तो समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को लगातार जन–जन तक उठाती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी महिलाओं को वास्तविक आरक्षण देने के पक्ष में नहीं हैं।उन्होंने पश्चिम बंगाल के संदर्भ में भी टिप्पणी करते हुए कहा कि वहां परिणाम मनमर्जी से घोषित किए गए हैं ऐसे में मुख्यमंत्री चयन भी उसी परंपरा के अनुरूप हो सकता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस बार 'पर्ची' ऐसे नाम की निकलनी चाहिए जो ऐतिहासिक रूप से महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच का प्रतीक रही भूमिका से जुड़ा रहा हो।इसके साथ ही अखिलेश यादव ने प्रीपेड बिजली मीटर के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जनता के विरोध के चलते सरकार को अपनी "भ्रष्टाचारी व्यवस्था" से पीछे हटना पड़ा है, जो जनशक्ति की जीत है। उन्होंने मांग की कि प्रीपेड मीटर के जरिए जो अतिरिक्त बिल वसूले गए हैं उनका समायोजन आगामी बिलों में किया जाए।उन्होंने कहा कि यदि सरकार ऐसा नहीं करती है तो समाजवादी पार्टी व्यापक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि बिजली बिल के नाम पर जनता से लिया गया पैसा "लूट" है, जिसे वापस किया जाना चाहिए।समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी द्वारा जारी इस बयान में कहा गया है कि प्रदेश की जनता अब जागरूक हो चुकी है और वह भ्रष्टाचार व अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रही है।

# ईदगाह के पास सट्टा खेलते दो गिरफ्तार, पर्ची व नकदी बरामद, एक आरोपी फरार

लखनऊ(आरएनएस )। थाना मदेयगंज क्षेत्र में अवैध सट्टा संचालन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा पर्चियां और नगदी भी बरामद की है।पुलिस के अनुसार 05 मई 2026 को टीम क्षेत्र में गश्त व अपराध नियंत्रण के दौरान डालीगंज क्रॉसिंग के पास मौजूद थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि मीठी खिचड़ी स्थित ईदगाह के पास गली में कुछ लोग सट्टा (खाड़ी–बाड़ी) करा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ लिया, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान फिरोज अहमद उर्फ रीबू (46 वर्ष) निवासी रूपपुर खदरा और इरशाद (28 वर्ष) निवासी नगरी शिवनगर खदरा के रूप में हुई।तलाशी के दौरान फिरोज अहमद के पास से 7 सट्टा पर्चियां और 320 रुपये नगद तथा इरशाद के पास से 5 सट्टा पर्चियां और 680 रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे गुड्डू बाड़ी के लिए सट्टा लेते हैं और रकम उसके पास जमा करते हैं, जहां से जीतने वालों को भुगतान किया जाता है।पुलिस के अनुसार फरार आरोपी की पहचान आदिल के रूप में हुई है, जो गुड्डू बाड़ी का भाई बताया जा रहा है। उसके खिलाफ भी कार्रवाई जारी है।इस मामले में थाना मदेयगंज पर मु0अ0सं0–55ध2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मेराज अहमद, उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह, कांस्टेबल अवधेश, कांस्टेबल शुभम चौधरी और रिजर्व कांस्टेबल राशिद खान शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और फरार अभियुक्त की तलाश तेज कर दी गई है।

# बीबीएयू में 'अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलाजी दिवस' पर व्याख्यान व प्रतियोगिताएं, स्वस्थ जीवनशैली पर दिया जोर

लखनऊ(आरएनएस )। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 5 मई को जैव प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 'अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी दिवस' के उपलक्ष्य में व्याख्यान सत्र एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा तंत्र और संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के चीफ साइंटिस्ट डॉ. मुकेश पसुपुलेटी उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉ. रवि शंकर सिंह ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक डॉ. जी. सुनील बाबू द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने आयोजन की रूपरेखा और उद्देश्य से सभी को अवगत कराया।मुख्य अतिथि डॉ. मुकेश पसुपुलेटी ने अपने संबोधन में कहा कि मानव शरीर एक अमूल्य धरोहर है और इसकी सुरक्षा व देखभाल प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रतिरक्षा तंत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि बदलती जीवनशैली और बढ़ते रोगों के इस दौर में इम्युनिटी को मजबूत बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, स्वच्छता और सकारात्मक सोच को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। साथ ही समय–समय पर स्वास्थ्य जांच और जागरूकता को भी जरूरी बताया।डॉ. रवि शंकर सिंह ने अपने वक्तव्य में आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनियमित खानपान और बार–बार बिना आवश्यकता भोजन करने की आदत के कारण जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने समयबद्ध और संतुलित आहार, जंक फूड से परहेज तथा नियमित शारीरिक गतिविधि अपनाने पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि सही खानपान न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि पाचन तंत्र को मजबूत कर जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है।विभागाध्यक्ष प्रो. डी. आर. मोदी ने टीकाकरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समय पर लगाए गए टीके कई गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी से स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि जागरूकता और स्वच्छता के साथ संतुलित जीवनशैली अपनाकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।कार्यक्रम संयोजक डॉ. जी. सुनील बाबू ने बताया कि विभाग द्वारा समय–समय पर विद्यार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों को स्वास्थ्य एवं जागरूकता से जुड़े विषयों पर शिक्षित करने के लिए ऐसे आयोजन किए जाते हैं, जिससे युवाओं में जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित होती है।इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए पोस्टर मेकिंग, रंगोली, क्विज और मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जूनियर और सीनियर वर्गों में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# शिक्षामित्रों को मिली बढ़े मानदेय की प्रतीकात्मक चेक, खिले चेहरे

## - जनप्रतिनिधियों समेत डीएम ने प्रेक्षागृह में प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

फतेहपुर। जनपद गोरखपुर से आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में देखा व सुना गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, विधायक बिन्दकी जय कुमार जैकी, जिलाध्यक्ष भाजपा अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणादायक एवं गौरवपूर्ण उद्बोधन का सभी ने श्रवण कर उसे आत्मसात किया। प्रेक्षागृह में शिक्षकों ने विकास खंडवार लगाई। प्रदर्शनी का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों समेत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने फीता काटकर एवं कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रदर्शनी में शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न शैक्षिक किट प्रदर्शित किए गए, जो बच्चों को सरल एवं प्रभावी तरीके से शिक्षा प्रदान करने में सहायक हैं। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जनपद में 2469 शिक्षामित्र कार्यरत है। शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक चेक एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षामित्रो को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षामित्रों का बढ़ा हुआ मानदेय स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की नींव तैयार करते हैं और बेसिक शिक्षा विभाग बच्चों की बुनियाद को मजबूत करता है, जिससे विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। विधायकों व भाजपा जिलाध्यक्ष ने सयुंक्त रूप से शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डीएम ने कहा कि शिक्षामित्र का आशय ऐसे मार्गदर्शक से है, जो बच्चों को सरल, सहज एवं प्रभावी ढंग से शिक्षा मित्र के रूप प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मित्र बच्चों के बौद्धिक विकास के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षामित्रों से अपेक्षा किया कि वे बच्चों को शैक्षिक ज्ञान के साथ–साथ नैतिक मूल्यों, संस्कारों, स्वच्छता, बढ़ते अपराधों के प्रति जागरूकता, जेंडर समानता एवं महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्राप्त सुझावों एवं निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# 45 लाख की लूट कांड में 50 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

लखनऊ(आरएनएस )। थाना विभूतिखण्ड क्षेत्र में कंपनी के कलेक्शन मैन से लाखों रुपये लूटने की घटना में क्राइम ब्रांच और पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 50 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगद बरामद किया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश अभी भी जारी है।प्रकरण के अनुसार 05 अप्रैल 2026 को वादी निकुल सिंह महेंद्र सिंह जडेजा निवासी गुजरात की तहरीर पर थाना विभूतिखण्ड में मु.अ.सं. 0119ध2026 धारा 309(4) बीएनएस के तहत दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि स्कार्पियो सवार बदमाशों ने कलेक्शन मैन को धक्का देकर नगदी से भरा बैग लूट लिया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच और थाना विभूतिखण्ड पुलिस की संयुक्त टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 अप्रैल 2026 को इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 लाख रुपये बरामद किए थे। इसके बाद 25 अप्रैल 2026 को एक अन्य वांछित इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर 2 लाख 10 हजार रुपये बरामद किए गए थे।इसी क्रम में लगातार चल रही कार्रवाई के तहत 05 मई 2026 को क्राइम ब्रांच की स्वाटध्सर्विलांस टीम और विवेचक द्वारा संयुक्त ऑपरेशन चलाते हुए 50 हजार रुपये के इनामी वांछित आरोपी सलमान खान को थाना विभूतिखण्ड क्षेत्र में हनीमैन चौराहे के आगे रेलवे लाइन की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 80 हजार रुपये नगद बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने गिरोह के साथ मिलकर कंपनी के कलेक्शन मैन की रेकी करते थे। जैसे ही कलेक्शन मैन पैसे लेकर जमा करने निकलता था, आरोपी बिना नंबर प्लेट की स्कार्पियो से पहुंचकर उसे धक्का देकर रुपयों से भरा बैग छीन लेते थे और फरार हो जाते थे। लूट की रकम को आपस में बांटकर निजी खर्चों और शौक पूरे करते थे।गिरफ्तार आरोपी सलमान खान (27 वर्ष) निवासी चिनहट का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और उसके खिलाफ पहले भी हजरतगंज थाना में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार इस मामले में धारा 317(2), 317(5) और 61(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।क्राइम ब्रांच की स्वाटध्सर्विलांस टीम और थाना विभूतिखण्ड पुलिस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शेष वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी और बाकी लूटी गई रकम की बरामदगी के लिए टीमें लगातार सक्रिय हैं।

# शहरवासियों को मिली हाईटेक अल्ट्रासाउंड जांच सुविधा

## – जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

फतेहपुर। शहर के जीटी रोड स्थित सदर अस्पताल के सामने मंगलवार को स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए केयर हेल्थ अल्ट्रासाउंड सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह एवं समाजसेवी पप्पू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही बेहतर जीवन की आधारशिला है और समय रहते रोगों की पहचान के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहर में इस प्रकार के आधुनिक जांच केंद्रों की स्थापना से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें सटीक जांच के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीकी रूप से सक्षम जांच केंद्र मरीजों के उपचार में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। ऐसे में केयर हेल्थ अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ जिले के लिए एक सराहनीय पहल है। सेंटर के प्रबंधक आरिफ ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए बताया कि केंद्र में अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि मरीजों को उच्च गुणवत्ता, सटीक जांच और समयबद्ध रिपोर्ट उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिकता होगी, ताकि चिकित्सकों को उपचार में सहूलियत मिल सके। संचालन कर रहे डॉ. अनिरुद्ध तिवारी एवं आसिफ ने बताया कि सेंटर में मरीजों की सुविधा के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है। यहां प्रशिक्षित स्टाफ की निगरानी में जांच की जाएगी और कम समय में रिपोर्ट उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव, भाजपा नेता राजकुमार मौर्य, सपा नेता वसीम अंसारी एडवोकेट, लकी अंसारी, बसपा नेता असलम शेर खान, एहतराम अहमद एडवोकेट, श्रीराम पटेल एडवोकेट, सुरेश यादव एडवोकेट समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर अब पोस्टपेड की तरह करेंगे काम, उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

लखनऊ(आरएनएस )। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य में लगाए गए प्रीपेड स्मार्ट मीटर पहले की तरह पोस्टपेड स्मार्ट मीटर के रूप में कार्य करेंगे, जिससे उपभोक्ताओं को बिलिंग और भुगतान में बड़ी सुविधा मिलेगी।यह जानकारी ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री ए.के. शर्मा ने दी। इस दौरान अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल भी मौजूद रहे।निर्णय के तहत अब उपभोक्ताओं को पहले की तरह मासिक बिलिंग साइकिल के आधार पर बिल मिलेगा और बिल जमा करने की अंतिम तिथि भी स्पष्ट रूप से अंकित रहेगी। बिजली खपत का बिल हर महीने के अंत तक एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर बदल गए हैं, उन्हें अपना नंबर अपडेट कराने की सलाह दी गई है।सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को हर माह की 10 तारीख तक बिल उपलब्ध करा दिया जाएगा और बिल मिलने के बाद भुगतान के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता को समय पर बिल प्राप्त नहीं होता है तो वह संबंधित वितरण निगमों के व्हाट्सएप चौटबॉट या 1912 पोर्टल के माध्यम से अपना बिल प्राप्त कर सकता है। सरकार ने उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राहत देते हुए यह भी निर्णय लिया है कि 30 अप्रैल तक के बकाया बिल को 10 किश्तों में जमा किया जा सकेगा। इसके साथ ही मई और जून माह में खंड एवं उपखंड स्तर पर विशेष कैंप लगाकर स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।जिन उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड मीटर लगाए जाने के दौरान सिक्योरिटी वापस की गई थी, उनसे अब पोस्टपेड व्यवस्था लागू होने पर यह राशि चार किश्तों में ली जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं पर एकमुश्त बोझ न पड़े।ऊर्जा मंत्री ने विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी वितरण निगमों को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति सुचारु और निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बनी रहे। उन्होंने ट्रांसफार्मरों के समय पर रखरखाव और खराब होने की स्थिति में त्वरित बदलाव सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।शक्ति भवन में आयोजित बैठक में विभिन्न वितरण निगमों के प्रबंध निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश में दंपति, पुत्री समेत जीजा को पीटा

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदाबाद टिकरी में पूर्व में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में दो दिन पूर्व गांव के ही कुछ लोगो ने घर के अन्दर घुसकर दंपति सहित तीन लोगों को लाठी डंडा व धारदार हथियार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा कार्यवाही न होने पर पीडित परिवार ने पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि फरीदाबाद टिकरी गांव निवासनी गीता देवी पुत्री हीरालाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि विगत एक माह पूर्व तीन अप्रैल को वह अपने घर पर बैठी थी। इसी बीच गांव के ही मुन्ना पुत्र श्रीपाल एवं राजेश महेन्द्र आये और गाली गलौज करने लगे इसका विरोध जब उसने किया तो दबंगो ने उसको पकड़ गलत इरादे से कमरे में ले जाने लगे। चिल्लाने पर बहन रीता, मां एवं पिता बचाने आये तो वहां मौजूद राजेन्द्र, महेन्द्र ने आवाज देकर अपने अन्य कई साथियों को बुलवा लिया और उसके साथ ही बहन तथा माता पिता पर लाठी डन्डा व धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि घायल जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है। उसने बताया कि घटना के वक्त वहां जब उसके जीजा बीच बचाव करने आये तो हमलावरों ने उनको भी पीटा तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। उधर घायलो को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर पीडित परिवार पुलिस अधीक्षक से मिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की गुहार लगायी है।

# तीन साल बाद मिली गुमशुदा बालिका

लखनऊ(आरएनएस )। थाना पीजीआई क्षेत्र से वर्ष 2023 में लापता हुई 14 वर्षीय बालिका को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। यह सफलता क्राइम ब्रांच के अंतर्गत कार्यरत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (।भ्ज्न्) की सतत निगरानी और समन्वित प्रयासों से मिली है।प्रकरण के अनुसार 13 अप्रैल 2023 को वादिनी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के गुमशुदा होने पर थाना पीजीआई में मु0अ0सं0–261ध2023 धारा 363 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। प्रारंभिक विवेचना थाना पीजीआई द्वारा की जा रही थी, जिसे बाद में संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय के आदेश पर एएचटीयू को स्थानांतरित कर दिया गया।वर्तमान में मामले की विवेचना उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह द्वारा की जा रही थी। प्रभारी निरीक्षक दशरथ सिंह के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न बाल आश्रय गृहों से समन्वय स्थापित करते हुए बालिका की तलाश जारी रखी। इसी क्रम में 4 मई 2026 को सूचना मिली कि एक बालिका, जिसने अपना नाम बदल रखा है, पहले राजकीय बालगृह सिंधीखेड़ा में रह चुकी है और वर्तमान में कुर्सी रोड स्थित स्नेहालय बालिका गृह में निवास कर रही है।सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बालिका की पहचान सुनिश्चित की। पूछताछ में बालिका ने बताया कि घर में माता–पिता के बीच होने वाले विवाद से परेशान होकर वह घर छोड़कर चली गई थी और पहचान छिपाने के लिए नाम बदलकर बालिका गृह में रह रही थी।

# प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ जनपद इकाई द्वारा आयोजित शिक्षामित्र सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने जनपद के विभिन्न सम्मानित जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया।समारोह का मुख्य उद्देश्य शिक्षामित्रों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और उनके हितों की बात शासन तक पहुंचाने के लिए आभार व्यक्त करना था। समारोह का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षामित्र लंबे समय से बेसिक शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं जनप्रतिनिधियों का सहयोग उनके भविष्य को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष के साथ अखिलेश गुप्ता, ओम पटेल, विशाल शुक्ला, सुनील मिश्रा, शैलेन्द्र वर्मा और आशुतोष द्विवेदी जैसे प्रमुख पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। सम्मान समारोह के अंत में, संगठन की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एक आभार पत्र भी सौंपा गया।

# डमी चेक का खेल मंच पर राहत, जमीन पर किसान बेहाल

सुलतानपुर(आरएनएस )। विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आज किसानों के जख्मों पर मरहम कम और नमक ज्यादा छिड़कने का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में खरीफ 2025 और रबी 2025–26 के नाम पर राहत का ऐसा तमाशा हुआ जिसमें असली से ज्यादा डमी चेक चमकते नजर आए। चुनिंदा किसानों को हजारों की रकम के डमी चेक देकर कैमरों के सामने मुस्कुराहटें बिखेरी गईं। शिवपाल सिंह गॉधी को ₹63,369, उर्मिला देवी को ₹31,644, हरीश चन्द्र तिवारी को ₹58,600 और राम सिंह को ₹49,925। मानो इन चेकों से किसानों की बरसों की बदहाली एक झटके में खत्म हो जाएगी। असल सवाल ये है कि क्या ये राहत है या सिर्फ फोटो खिंचवाने का बहाना। कहा गया कि पैसा सीधे खातों में भेज दिया गया लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि छोटे और गरीब किसान अब भी कागजों और दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। बड़े काश्तकारों तक रकम पहुंचने में फुर्ती और छोटे किसानों के लिए सिर्फ प्रक्रिया जारी है का रटा–रटाया जवाब। वाह रे सिस्टम! 147 किसानों को लाभ मिलने का दावा किया गया लेकिन हजारों प्रभावित किसानों की भीड़ में ये संख्या ऊंट के मुंह में जीरे से भी कम है। बाकी किसान शायद इस व्यवस्था की नजर में आते ही नहीं या फिर उनके दर्द की कोई प्रेस वैल्यू नहीं है। कार्यक्रम में अधिकारी बीमा कंपनी के प्रतिनिधि और भाषणों की लंबी कतार रही। बस नहीं था तो किसानों की असली परेशानी का कोई ठोस समाधान।

# शिक्षामित्रो के बढ़े हुए मानदेय के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर दिया गया प्रतीकात्मक चेक

**मा0 विधायकगण ने बढ़े हुए मानदेय पर बधाई देते हुए कहा कि और उत्साह से शिक्षा मित्र करेंगे कार्य, लखनऊ में आयोजित मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का दिखाया गया सजीव प्रसारण**

मीरजापुर 05 मई 2026–विकास भवन, के सभागार में शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़ा हुआ मानदेय वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि मा0 विधायक मड़िहान श्री रमाशंकर सिंह पटेल, मा0 विधायक मझवां श्रीमती सूचिस्मिता मौर्य, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया व जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का वर्चुअल संबोधन (सजीव प्रसारण) भी सुना गया, जिसमें उन्होंने शिक्षामित्रों के हित में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकार मिश्र जी द्वारा कहा गया कि शिक्षामित्रों की बढे हुए मानदेय के खुशी के अवसर पर बधाई दी तथा शिक्षामित्र अब अधिक उत्साह के साथ कार्य करेंगें एवं मा0 विधायिका मझवां श्रीमती सुचिस्मिता मौर्य द्वारा कहा गया कि हमारी सरकार ने आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से विद्यालय की भौतिक संरचना में परिवर्तन किया तथा शैक्षिक गुणवत्ता के लिए विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं आई०सी०टी० लैब की स्थपना की गयी उन्होंने शिक्षामित्रों के मानदेय को रू0 3000 से 18000 तक बढ़ाने की प्रशंसा व्यक्त की तथा हमारी सरकार शिक्षामित्रों के हित में सदैव कार्य करती रहेगी तथा मा0 विधायक मड़िहान श्री रमाशंकर सिंह पटेल जी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से शिक्षामित्रों को सम्मानजनक मानदेय प्रदान कर उनके जीवन में खुशियों की नई सौगात दी गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षामित्रों का मानदेय रू0 10,000/– से बढ़ाकर रू 18,000/– किया गया है जो उनके सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। शिक्षामित्रों को बढे हुए मानदेय रू0 18,000/– का प्रतीकात्मक चेक मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षामित्रों ने बढ़े हुए मानदेय के लिए मा0 मुख्यमंत्री जी एवं सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।



इस अवसर पर मा0 विधायक चुनार के प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह, मंडलायुक्त राकेश प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रविन्द्र शुक्ला तथा जिला समन्वयक सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# धर्म की आस्था में डूबा बल्दीराय कस्बा

सुलतानपुर(आरएनएस )। बल्दीराय कस्बा जेठ माह के प्रथम मंगलवार को पूरी तरह भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया। स्थानीय तहसील क्षेत्र के श्याम गैस एजेंसी चौराहे पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि–विधान से सुन्दरकाण्ड का पवित्र पाठ आयोजित किया गया। पाठ के उपरांत बजरंग बली की भव्य आरती उतारी गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के दौरान पूरा वातावरण जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे कस्बे का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर सुनील जायसवाल उत्तम जायसवाल अनिल जायसवाल सरोज देवी लक्ष्मी देवी सुनीता देवी सत्यम जायसवाल साक्षी जायसवाल धुर्व जायसवाल कंस राज जायसवाल सचिन जायसवाल रामराज जायसवाल आषीश कौशल नरेन्द्र अग्रहरि अभिषेक अग्रहरि राजधर शुक्ल अशोक सिंह डा.रामकृपाल मौर्य राजमणि पाड़े सोनू शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्राद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक सुनील जायसवाल व उत्तम जायसवाल ने आए हुए श्रद्धालुओं व कार्यकर्ताओ के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीशहर के विवेकानगर मोहल्ले में जेष्ठ के पहले मंगल को मोहल्ले वासियों ने विवेक नगर चौराहे पर धूम धाम से जेष्ठ का मंगल मनाया और शरबत का वितरण किया इस दौरान चारों तरफ हनुमान चालीसा के स्वर गूंज रहे थे इलाके के कमलाकर तिवारी, पंकज मिश्रा, दीपक सिंह, पीयूष श्रीवास्तव(निक्की), आशीष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव,पवन यादव, विभु श्रीवास्तव, बोनी श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, बिहारी चौरसिया, शरद श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव अंकुश श्रीवास्तव समेत मोहल्ले के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय समर कैंप एडवेंचर का हुआ समापन

एन डी कान्वेंट स्कूल लखमापुर मिर्जापुर में दो दिवसीय समर कैंप एडवेंचर का आयोजन किया गया यह आयोजन 4 एवं 5 मई 2026 तक किया गया इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता आत्मविश्वास अनुशासन और टीमवर्क की भावना विकसित करना था यह आयोजन मानसिक विकास के साथ–साथ साहसिक क्रियाकलाप करने का अवसर दिया यह समर कैंप एडवेंचर के साहसिक गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति के करीब रहने और चुनौतियों का सामना करने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा आज समर कैम्प एडवेंचर के दूसरे दिन कैंप में शामिल प्रमुख गतिविधियां जिक जैक, बर्मा ब्रिज, लैडर क्रॉसिंग, कमांडो नेट, टनल क्रॉसिंग, गन शूटिंग, आर्चरी, जिपलाइन, टायर क्रॉसिंग, रस्सा कसी आदि गतिविधियां कराई गई यह आयोजन विन्ध्य एडवेंचर के कुशल प्रशिक्षक प्रदीप विश्वकर्मा एवं आयुष सिंह जी द्वारा किया गया मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सारिका सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप मे शंभू नाथ सिंह पूर्व प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट उत्तर प्रदेश ने मां सरस्वती को माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि शंभू नाथ सिंह जी ने छात्र छात्राओं को जीवन मे एडवेंचर की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य कार्यक्रम आयोजक श्री जोगेंद्र बहादुर सिंह जी ने इस अवसर पर बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया आए हुए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के सह आयोजक एवं संचालक महामहिम राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत प्रभु नारायण द्विवेदी जी ने प्रतिभागियों को एडवेंचर क्रियाकलाप को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए बधाई दिया और विन्ध्य एडवेंचर टीम के साथ बच्चों को पुनः विन्टर कैम्प कराने का आश्वासन दिया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं प्रतिभागियों के गार्जियन उपस्थित रहे ।



# जौनपुर बदलापुर क्षेत्र के डड़वा गांव में श्री संकटमोचन हनुमान जी का नवनिर्मित भव्य मंदिर में मूर्ति कि हुई प्राण प्रतिष्ठा

जय प्रकाश मिश्रा विजडम इंडिया जिला संवाददाता जौनपुर

बदलापुर विधानसभा क्षेत्र डड़वा गांव में श्री संकटमोचन हनुमान जी का दर्शन करके लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया यह भव्य मंदिर निश्चित रूप से न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि स्थानीय पहचान का एक गौरवशाली हिस्सा भी बन गया है।

जब भी किसी क्षेत्र में इस तरह के भव्य मंदिर का निर्माण होता है, तो वह केवल एक धार्मिक स्थल नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक समरसता और एकजुटता का प्रतीक बन जाता है।





डड़वा, कडेरेपुर और उमरी जैसे गांवों के लोगों की भक्ति और श्रद्धा इस स्थान को और भी जीवंत बना देती है। बजरंगबली के प्रति यह अटूट विश्वास क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

आस्था का केंद्र बना बदलापुर के डड़वा गांव में भव्य श्री संकटमोचन हनुमान जी का मंदिर पूरे विधानसभा क्षेत्र में कौतूहल और श्रद्धा का विषय बना हुआ है मंदिर की भव्यता और वहां की आध्यात्मिक शांति दूर–दराज से लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

भक्ति का संगम उमरी, बदलापुर और आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीण सुबह–शाम मंदिर में पूजा–अर्चना कर सकते हैं।

क्षेत्रीय गौरव स्थानीय लोगों का मानना है कि इस मंदिर के निर्माण से क्षेत्र में खुशहाली आएगी हनुमान जी के दर्शन के लिए युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

आध्यात्मिक वातावरण मंदिर परिसर में होने वाले कीर्तन और भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहेगा, जो क्षेत्र के लिए एक नई पहचान पेश कर रहा है।

# कलेक्ट्रेट में भ्रष्टाचार और भेदभाव के आरोप, डीएम को सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर। बहुजन अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष एडवोकेट शैलेश गौतम ने मंगलवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन देकर प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। ज्ञापन में कलेक्ट्रेट और तहसील परिसर में भ्रष्टाचार, जातिगत भेदभाव और नियमों की अनदेखी के आरोप लगाए गए हैं।

ज्ञापन के अनुसार कलेक्ट्रेट में तैनात नायब नाजिर अल्नेंद्र सिंह पर लंबे समय से पद का दुरुपयोग करने, स्थानांतरण प्रक्रिया को प्रभावित करने और अपना प्रभाव बनाए रखने के आरोप हैं। वहीं अयोध्या मंडल से नियुक्त विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) हरदेव सिंह के साथ जातिगत भेदभाव किए जाने और उन्हें उनके पद के अनुरूप जिम्मेदारियां न दिए जाने की बात भी सामने आई है। इसके अलावा ज्ञापन में स्थानांतरण नीति के उल्लंघन का मुद्दा उठाया गया है। शासन के नियमों के तहत कर्मचारियों का समय–समय पर स्थानांतरण आवश्यक होता है, लेकिन कुछ प्रभावशाली कर्मचारी केवल औपचारिक बदलाव कर अपने नियंत्रण को बनाए रखते हैं, जिससे रोटेशन प्रणाली प्रभावहीन हो रही है।ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि होमगार्ड जवानों का इस्तेमाल सरकारी सुरक्षा के बजाय निजी कार्यों में किया जा रहा है। साथ ही, कुछ कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने की बात भी कही गई है। शैलेश गौतम ने इन सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए विजिलेंस या एसआईटी जैसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की अपील की है। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों की संपत्ति, आय के स्रोत और कॉल डिटेल की भी जांच कराने की मांग रखी है। बहुजन अधिकार सेना ने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी और विभागीय कार्रवाई की मांग करते हुए लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारियों के निष्पक्ष स्थानांतरण की भी अपील की है, ।

# प्रेस क्लब के भंडारे में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

लखनऊ ।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि जेठ माह में हनुमान जी भगवान की कृपा से भंडारे का आयोजन राजधानी लखनऊ की अनूठी परंपरा है स राजधानी के आसपास के जनपदों में भी आप बजरंगबली भगवान के नाम पर श्रद्धालु जगह भंडारे का आयोजन करते हैं और लोग बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण करते हैं स इस तरह के भंडारों से आपस में सद्भाव के साथ–साथ सामाजिक सौहार्द में भी प्रभाव का आता है स उपमुख्यमंत्री श्री पाठक प्रेस क्लब में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के पहले भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के बाद मीडिया से मुखातिब थे स उन्होंने कहा कि इस तरह के भंडारे आपस में भाईचारा बढ़ाते हैं और हम सब मिलजुल कर जो इस तरह के आयोजन करते हैंस इनका सामाजिक जीवन में अपना अलग प्रभाव होता है स भंडारे में आए कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि बजरंगबली भगवान को स्मरण कर और हम जो भी कार्य करते हैं स देशहित और सामाजिक सौहार्द में व्यापक प्रभाव होता हैस श्री खन्ना ने कहा कि श्रद्धालुओं का भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण करना आयोजकों और श्रद्दालुओं के बीच साहचर्य को भी बढ़ाते हैं।






इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद ने कहा कि इस तरह के भंडारे हमें एकता के सूत्र में पिरोते हैं स हम सब भंडारे में एक साथ बैठते हैं स प्रसाद ग्रहण करते हैं स इससे आपस में बिना किसी भेदभाव के एक समान होने का भी एहसास होता है स कार्यक्रम में सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि राजधानी लखनऊ की यह अनूठी परंपरा है और एक साथ राजधानी के अलग–अलग क्षेत्र में बड़ी संख्या में भंडारों का आयोजन और श्रद्धालुओं का कतर वध होकर प्रसाद ग्रहण करना अपने आप एक सामाजिक एकता का संदेश होता हैस उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत सबको भी मजबूती देते हैंस मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि वह ऐसे अवसरों पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं स उन्होंने कहा की राजधानी लखनऊ में एक लंबे अरसे से इस तरह के आयोजन को देख रहे हैं और यह यहां की गजब की संस्कृति बन गई है कि ज्येष्ठ माह में जितने भी मंगल होते हैं उसमें जगह–जगह भंडारे लगते हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का प्रसाद ग्रहण करना हमारी निष्ठा और श्रद्धाभाव का जीवंत प्रमाण हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपील की है कि ऐसे आयोजन में साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

प्रेस क्लब के भंडारे में मुख्यमंत्री की सूचना सलाहकार मृत्युंजय कुमार, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ,रामचन्द्र सिंह प्रधान ,विजय बहादुर पाठक, सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप , पूर्व राज्यसभा सदस्य अरविंद सिंह ,अपर निदेशक सूचना अरविंद कुमार मिश्र, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय खत्री, इंडो अमेरिकन चौम्बर आफ कामर्स के मुकेश सिंह, प्रदीप सिंह बब्बू, पीसीएस संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह , पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह शालू , सपा के प्रदेश सचिव दीपक रंजन , कांग्रेस के नेता अशोक सिंह , कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन रावत , राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे , प्रवक्ता रोहित अग्रवाल, भाजपा प्रवक्ता अभय सिंह , नवीन श्रीवास्तव , राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह , पूर्व आईएएस अधिकारी एसपी सिंह , दिनेश सिंह समेत बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के नेता,गणमान्य लोग और पत्रकारगणों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# दुष्कर्म में असफल रहने पर महिला को जलाकर मारने वाले को सजा ए मौत

**-जिला जज की अदालत ने 1.30 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है**

**-जेठानी के भाई ने किया था रेप का प्रयास, असफल रहने पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर लगा दी थी आग**

(मथुरा)(ए.के.शर्मा)

रिश्ते की बहन से दुष्कर्म के प्रयास में नाकाम रहने पर जिंदा जलाकर हत्या करने वाले भाई को अदालत ने सजा ए मौत सुनाई है। जिला जज की अदालत ने मंगलवार को मृत्युदंड दिया है। साथ ही 1.30 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। 13 महीने की अदालती कार्यवाही में सजा मुकर्रर की गई। एक



मई को जिला जज विकास कुमार की कोर्ट ने दोषी करार दिया था। सजा के बिन्दु पर अदालत में 5 मई को सुनवाई हुई और फांसी की सजा सुनाई गयी। फरह थाना क्षेत्र के एक गांव में उमेश निवासी हसनपुर थाना हसनपुर पलवल हरियाणा 11 मार्च 2025 की दोपहर महिला का वेश धारण कर घर में घुस गया था। रिश्तो की बहन के साथ उमेश ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला पर पेट्रोलियम पदार्थ डाल कर उसे जला दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो उमेश छत से कूद गया था। इससे उसके सिर व पैर में चोट आई थी। महिला को गंभीर हालत में परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया था। घायल उमेश को फरह पुलिस ने हिरासत में लेकर आगरा एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया था। महिला के पति ने उमेश के खिलाफ फरह थाने में पत्नी को जिंदा जलाकर उसकी हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। फरह पुलिस ने उमेश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय मे तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक फरह संजय कुमार पांडे द्वारा प्रेषित किया गया हैं। मुकदमे की सुनवाई जिला जज विकास कुमार की अदालत में हुई। उमेश के अधिवक्ता ने जमानत के लिए काफी प्रयास किए, कोर्ट से उसे जमानत नहीं मिली थी। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया कि अदालत ने उमेश को महिला को जिंदा जला कर उसकी हत्या करने का दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 1.30 लाख रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। दोषी मृतका की जेठानी का भाई है।

इन धाराओं में सुनाई गयी अलग अलग सजा

–बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मृत्युदंड की सजा सुनाई गई है, और उसे तब तक फांसी पर लटकाया जाएगा जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए। दोषी अभियुक्त पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, और जुर्माना अदा न करने की स्थिति में, उसे एक वर्ष का साधारण कारावास भुगतना होगा।

–बीएनएसधारा 333 के तहत दंडनीय अपराध के लिए 7 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में, उसे छह महीने का साधारण कारावास और भुगतना होगा।

–बीएनएस की धारा 74 के तहत दंडनीय अपराध के लिए 5 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में, उसे तीन महीने का साधारण कारावास और भुगतना होगा।

# ठेकेदार की लापरवाही पर निगम की बड़ी कार्यवाही, फर्म को एक वर्ष के लिए किया डिबार

मथुरा)(ए.के.शर्मा)

नगर निगम मथुरा–वृन्दावन में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में ठेकेदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, निर्माण लिपिक एवं बड़ी संख्या में ठेकेदार मौजूद रहे।



बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया कि ठेकेदारों की कम भागीदारी के चलते कई कार्यों की निविदाएं 5–6 बार तक दोबारा जारी करनी पड़ रही हैं। इस पर नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि जो ठेकेदार अनुबंध संपादित नहीं करते या समय पर कार्य शुरू नहीं करते, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वर्ष के लिए डिबार किया जाएगा।

इसके साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्यस्थल से निकलने वाली पुरानी इंटरलॉकिंग सामग्री को नगर निगम में अनिवार्य रूप से जमा कराया जाए। बिना अवर अभियंता को सूचित किए किसी भी कार्य की शुरुआत नहीं की जाएगी।

नगर आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि सभी कार्यों पर शिलान्यास एवं शिलापट नियमानुसार लगाए जाएं। साथ ही अधिकारियों को सख्ती से कहा गया कि वे समय–समय पर स्थलों का निरीक्षण करें और सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।

बैठक के जरिए साफ संदेश दिया गया कि नगर निगम अब लापरवाही और मनमानी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

# उद्योग जगत की खुशी बंगाल के फिर से निवेश और नौकरियों का केंद्र बनने का संकेत है

पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों का असर बाजार में भी तुरंत दिखाई दिया। सेंसेक्स में अच्छी बढ़त दर्ज की गई और कोलकाता की कई कंपनियों के शेयरों में तेजी आई। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक स्थिर और स्पष्ट नीतियों को प्राथमिकता देते हैं। पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम केवल राजनीतिक बदलाव ही नहीं लाये बल्कि राज्य के आर्थिक भविष्य को लेकर नई उम्मीदें भी जगाई हैं। उद्योगपति हर्ष गोयनका की प्रतिक्रिया ने इस चर्चा को और गति दी है। उन्होंने कहा है कि बंगाल का व्यापारिक वर्ग इस परिणाम से खुश है और अब विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर सामने आ सकते हैं। हम आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी की यह जीत ऐतिहासिक मानी जा रही है, क्योंकि पहली बार उसने पश्चिम बंगाल में सरकार बनाई है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के पंद्रह साल के शासन का अंत हुआ है। इस बदलाव से केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय की उम्मीद की जा रही है, जो विकास परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों का असर बाजार में भी तुरंत दिखाई दिया। सेंसेक्स में अच्छी बढ़त दर्ज की गई और कोलकाता की कई कंपनियों के शेयरों में तेजी आई। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक स्थिर और स्पष्ट नीतियों को प्राथमिकता देते हैं। जब राज्य और केंद्र की सरकारें एक दिशा में काम करती हैं, तो निवेश का माहौल बेहतर बनता है। हालांकि, कुछ विश्लेषकों का कहना है कि बाजार की यह तेजी शुरुआती प्रतिक्रिया हो सकती है। दीर्घकाल में आर्थिक स्थिति कई अन्य कारकों पर निर्भर करेगी, जैसे वैश्विक बाजार और कच्चे तेल की कीमतें।उद्योग जगत को उम्मीद है कि अब बड़े आधारभूत ढांचा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। निवेश की मंजूरी की प्रक्रिया आसान हो सकती है और नियमों में स्पष्टता आएगी। इससे निजी और सरकारी दोनों तरह के निवेश को प्रोत्साहन मिल सकता है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं का विस्तार भी राज्य में तेजी से हो सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आय और मांग बढ़ने की संभावना है। कई उद्योग संगठनों ने भी इस परिणाम का स्वागत करते हुए निवेश के माहौल में सुधार की



उम्मीद जताई है।अगर विभिन्न क्षेत्रों की बात करें, तो आधारभूत ढांचा और निर्माण क्षेत्र को सबसे ज्यादा लाभ मिलने की संभावना है। सड़क, बंदरगाह और औद्योगिक परियोजनाओं को गति मिल सकती है। अचल संपत्ति क्षेत्र में भी सुधार की उम्मीद है। चाय, कृषि और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में नई योजनाएं विकास को बढ़ावा दे सकती हैं। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में कर्ज वितरण बढ़ सकता है, खासकर छोटे उद्योगों और आवास क्षेत्र में।इसके साथ ही कुछ चुनौतियां भी सामने हैं। राज्य की वित्तीय स्थिति पहले से दबाव में है। वित्तीय घाटा और कर्ज का स्तर ऊंचा बना हुआ है। ऐसे में नई सरकार के लिए अपने वादों को संतुलित तरीके से लागू करना जरूरी होगा, ताकि आर्थिक स्थिरता बनी रहे।विशेषज्ञों का मानना है कि केवल राजनीतिक बदलाव पर्याप्त नहीं है। नीतियों का सही क्रियान्वयन और वित्तीय अनुशासन ही लंबे समय में वास्तविक परिणाम तय करेंगे। वैसे आम लोगों के लिए इस बदलाव का अर्थ है संभावित रूप से अधिक रोजगार के अवसर और बेहतर आर्थिक गतिविधियां। अगर निवेश बढ़ता है और उद्योग विकसित होते हैं, तो राज्य की अर्थव्यवस्था में सुधार हो सकता है। इससे जीवन स्तर और बाजार की स्थिति पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।हालांकि, आंकड़े बताते हैं कि पश्चिम बंगाल अभी भी निवेश के मामले में अन्य राज्यों से पीछे है। विदेशी निवेश कम रहा है और विनिर्माण क्षेत्र की गति भी धीमी रही है। राज्य की अर्थव्यवस्था में सेवाओं का योगदान अधिक है, जबकि औद्योगिक विकास को और मजबूत करने की जरूरत है। व्यापार करने की सुविधा से जुड़े पहलू भी महत्वपूर्ण हैं। जमीन की उपलब्धता, मंजूरी की प्रक्रिया और नियमों की पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर सुधार जरूरी है। हम आपको याद दिला दें कि पश्चिम बंगाल का औद्योगिक इतिहास कभी उसकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता था। एक समय ऐसा था जब यह राज्य अपने कारखानों और उद्योगों के कारण पूरे देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पहचान रखता था। दूसरे राज्यों से लोग यहां रोजगार की तलाश में आते थे। लेकिन समय के साथ स्थिति बदलती चली गई। पहले वामपंथी सरकारों की नीतियों के कारण उद्योगों पर दबाव बढ़ा और धीरे धीरे कई कारखाने बंद होने लगे। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार और नीतिगत अनिश्चितता को लेकर भी सवाल उठते रहे, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ। ममता बनर्जी के आंदोलन के चलते सिंगूर में टाटा नैनो परियोजना के बंद होने की घटना के बाद बंगाल में बड़े उद्योग लगाने को लेकर निवेशकों में एक तरह की हिचक पैदा हो गई। परिणाम यह हुआ कि रोजगार के अवसर घटे और लोगों का पलायन बढ़ने लगा।

## सम्पादकीय

### जन कल्याण का रास्ता टिकाऊ नहीं

भारत में जन कल्याण का जो रास्ता चुना गया है, वह टिकाऊ नहीं है। हर वर्ष पिछले साल की तुलना में औसतन अधिक कर्ज लेने के बावजूद सरकारें नकदी हस्तातंरण की योजनाओं को सुगमता से नहीं चला पा रही हैं।

बृहत–मुंबई महानगर पालिका के रिटायर शिक्षक का पेंशन भुगतान ना होने के बचाव में सरकार ने खजाने में पैसा ना होने का तर्क दिया। तो उससे नाराज बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के पास अपने रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए पैसा नहीं है, तो उसे लड़की बहन योजना रोक देनी चाहिए। इस योजना के तहत राज्य की डेढ़ करोड़ महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जाते हैं। खुद राज्य के मंत्री ऐसे बयान दे चुके हैं कि इस योजना से राजकोष पर पड़े भारी बोझ के कारण तमाम विभागों के बजट प्रभावित हुए हैं। इस बीच हरियाणा में अस्पतालों के संघ ने संबंधित अधिकारी को पत्र लिख कर कहा है कि 20 अप्रैल तक उनके बकाये का भुगतान नहीं हुआ, तो वे आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को भर्ती करना बंद कर देंगे। पत्र में ध्यान दिलाया गया है कि अस्पतालों का 400 करोड़ रुपये से अधिक बकाया सरकार पर है। आयुष्मान भारत के बारे में ऐसी शिकायतें कई अन्य राज्यों से भी आई हैं। ये खबरें बताती हैं कि भारत में जन कल्याण का जो रास्ता चुना गया है, वह टिकाऊ नहीं है। हर वर्ष पिछले साल की तुलना में औसतन अधिक कर्ज लेने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारें नकदी हस्तातंरण की योजनाओं को सुगमता से नहीं चला पा रही हैं। और ऐसा होना अस्वाभाविक नहीं है। यह मूलभूत सिद्धांत है कि कोई अर्थव्यवस्था उत्पादक निवेश और पूंजी निर्माण पर टिकी नहीं है, तो वह उपभोग उन्मुख जन कल्याण को सुनिश्चित नहीं कर सकती। ऋण लेना अपने आप में समस्या नहीं है, बशर्ते उसका उपयोग उत्पादन बढ़ाने या टिकाऊ संपत्ति खड़ी करने में हो रहा हो। इन दोनों प्रक्रियाओं से मांग पैदा होती है, जिससे स्वतरू उपभोग बढ़ता है। इस क्रम में सरकार का कर राजस्व बढ़ता है, जिससे वह टिकाऊ जन– कल्याण योजनाओं को चलाने की बेहतर स्थिति में होती है। मगर अपने यहां उलटी राह चुनी गई है। इस बीच चुनावी राजनीति में वोट खरीदने की बढ़ी प्रवृत्ति ने स्थिति ओर बिगाड़ दी है। उसका परिणाम महाराष्ट्र और हरियाणा जैसी स्थितियां हैं।

### छत्तीसगढ़ की जड़ी-बूटियों से महकेगा नारी शक्ति का स्वावलंबन

औषधि पादप बोर्ड की नई कार्ययोजना से आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रही हैं ग्रामीण महिलाएं छत्तीसगढ़ के वनांचल की गोद में छिपी अमूल्य औषधि संपदा अब केवल स्वास्थ्य का आधार नहीं, बल्कि प्रदेश की नारी शक्ति के आर्थिक स्वावलंबन का नया अध्याय बन रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सुशासन की जिस परिकल्पना को साकार कर रही है, उसे वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड धरातल पर उतार रहा है। गिलोय, कालमेघ, बहेड़ा, सफेद मूसली, जंगली हल्दी, गुड़मार, अश्वगंधा, और शतावरी जैसी महत्वपूर्ण औषधीय वनस्पतियों से अर्क और उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं।पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक पहचान वनांचल में बिखरे पारंपरिक ज्ञान को महज एक स्मृति न रहने देने के संकल्प के साथ बोर्ड ने इसे वैज्ञानिक पद्धति से जोड़ने का निर्णय लिया है। इसके तहत उन स्थानीय वैद्यों और जानकारों का चिन्हांकन शुरू किया गया है, जिनके पास असाध्य रोगों के उपचार का अद्भुत ज्ञान है। बोर्ड का प्रयास इन महिलाओं को एक उचित मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी विशेषज्ञता का लाभ समाज को मिले और वे स्वयं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर सकें। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि उस विरासत का सम्मान है जिसे ग्रामीण महिलाओं ने सदियों से सहेजकर रखा है। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक जड़ी–बूटी और जनजातीय ज्ञान को अब आधुनिक विज्ञान के माध्यम से नई पहचान मिल रही है। राज्य के वनों में छिपे औषधीय खजाने को वैज्ञानिक आधार पर प्रमाणित कर, उसे आजीविका के साधन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

आर्थिक मोर्चे पर सबसे बड़ा बदलाव तब दिखाई दे रहा है, जब जड़ी–बूटियों का संग्रहण करने वाली महिलाएं अब संग्राहक से आगे बढ़कर निर्माता की भूमिका में नजर आ रही हैं। बोर्ड के दिशा–निर्देशों के अनुरूप, महिला स्व–सहायता समूहों को औषधि प्रसंस्करण (क्कह्म्शष्द्गह्यह्यद्बठ्ठद्द) के उन्नत गुर सिखाए जा रहे हैं। यह पहल न केवल औषधीय पौधों का संरक्षण कर रही है, बल्कि वनवासियों और लघु वन उपज संग्राहकों की आय में वृद्धि करके उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है। छत्तीसगढ़ में 1500 से अधिक सक्रिय वैद्यों के ज्ञान को सहेजने और जड़ी–बूटियों के विपणन के लिए छत्तीसगढ़ जनजातीय स्थानीय स्वास्थ्य परंपराएं और औषधीय पादप बोर्ड सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# क्या कहते हैं विधानसभा चुनावों के नतीजे

इस बार चुनाव तो पांच राज्यों में हुए, लेकिन सबसे ज्यादा में चर्चा पश्चिम बंगाल का चुनाव रहा। उन्तीस अप्रैल को आखिरी दौर के मतदान के बाद आए एक्जिट पोल के नतीजों को लेकर काफी सवाल भी उठे, खासकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की हार की आशंका को लेकर एक्जिट पोल निशाने पर भी रहे।बीते अप्रैल में हुए पांच राज्यों के चुनाव नतीजों को देखने के कई नजरिए हो सकते हैं। लेकिन देश के पूर्वी छोर पर उत्तर से लेकर दक्षिण तक स्थित चार राज्यों के नतीजों को देखें तो उनमें एक बात समान नजर आती है। सभी राज्यों ने अपने यहां के उन आक्रामक नेतृत्व पर भरोसा जताया है, जिनसे विकास और नवाचार की उम्मीद है। असम में हिमंत, पश्चिम बंगाल में बीजेपी और तमिलनाडु में विजयन की जीत लोकांक्षाओं के जमीनी हकीकत बनने का भरोसा है। इन राज्यों की जीत में दिखता है कि केंद्र से बिना वजह की लड़ाई का भी कोई मोल नहीं है। आज की जनता विकास चाहती है, महिलाएं सुरक्षा चाहती हैं और युवा अपने भविष्य और सपनों की गारंटी चाहते हैं। इस बार चुनाव तो पांच राज्यों में हुए, लेकिन सबसे ज्यादा में चर्चा पश्चिम बंगाल का चुनाव रहा। उन्तीस अप्रैल को आखिरी दौर के मतदान के बाद आए एक्जिट पोल के नतीजों को लेकर काफी सवाल भी उठे, खासकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की हार की आशंका को लेकर एक्जिट पोल निशाने पर भी रहे। सिर्फ एक एक्जिट पोल एक्सिस माई इंडिया ने तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने विजयन की पार्टी टीवीके के जीत की संभावना जताई थी। जबकि किसी भी एक्जिट पोल को तमिलनाडु में टीवीके की जीत की उम्मीद नहीं थी। सवाल यह है कि आखिर ममता बनर्जी को क्यों हार मिली? इसमें दो राय नहीं कि 2011 से पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल था। फिर भी बौद्धिकों के एक वर्ग को लगता नहीं था कि भारतीय जनता पार्टी पिछले विधानसभा चुनावों के वोट के अंतर को पाटकर जीत दर्ज कर लेगी। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को पश्चिम बंगाल में 38 प्रतिशत वोट और 77 सीटें मिली थीं। 2016 के विधानसभा चुनाव में तो बीजेपी को 10 प्रतिशत से कुछ ज्यादा वोट मिले थे, लेकिन उसे सिर्फ तीन सीटें ही मिली थीं। उसकी तुलना में देखें तो बीजेपी के लिए 2021 के चुनावी नतीजे बड़ी छलांग थे। इस ट्रेंड के हिसाब से इस बार बीजेपी की जीत सुनिश्चित लग रही थी, हालांकि 2024 के लोकसभा चुनावों में बीजेपी को अपने पिछले प्रदर्शन से छह सीटें कम पर संतोष करना पड़ा था। इसलिए बीजेपी की जीत को लेकर संशय भी था। लेकिन जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल में जीत हासिल करने के लिए चुनावी रणनीति बनाई, खुद कई रोड शो किए, झारग्राम जिले में सड़क पर उतर कर बंगाल की प्रसिद्ध झालमुढ़ी का स्वाद चखा, उसने भाजपा की संभावनाओं के द्वार खोल दिए। रही–सही कसर ममता बनर्जी की कुछ गलतियों ने कर दिए। बीते साल अगस्त में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेजिडेंट डॉक्टर से दुष्कर्म और उसकी हत्या पर ममता ने जिस तरह की चलताऊ राजनीति की, उससे पश्चिम बंगाल गुस्से में था। इसका असर भी दिखा और महिलाओं ने उनकी लक्ष्मी भंडार योजना में मिल रही डेढ़ हजार रूपए की रकम पर भरोसा नहीं किया और ममता को हार का सामना करना पड़ा।

# एग्री स्टैक भारत की डिजिटल कृषि क्रांति

डॉ. देवेश चतुर्वेदी

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी हुई है। इस क्षेत्र में कुल श्रमशक्ति का लगभग 46 प्रतिशत हिस्सा जुटा हुआ है। पिछले दशक में सरकार की ओर से उत्पादनध्उत्पादकता बढ़ाने, फसलों के विविधीकरण, खेती की लागत में कमी लाने, कृषि उत्पादों की बेहतर कीमत अर्जित करने, जलवायु के अनुकूल ढालने और जोखिमों को कम करने की बहुआयामी रणनीति के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के ठोस प्रयास किए गए हैं।केन्द्र प्रायोजित या केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं के जरिए किसानों को विभिन्न सेवाओं या लाभों की निर्बाध, पारदर्शी और कुशल आपूर्ति संघीय या राज्य स्तर की सरकार की प्राथमिकता है। कुल कृषि भूमि का स्वामित्व और उस भूमि पर बोई गई फसलों का इतिहास किसी भी योजना के लाभ के लिए किसी भी किसान (चाहे वह मालिक हो, पट्टेदार हो या फिर बटाईदार हो) की पात्रता के आकलन की जरूरी शर्त है। हालांकि, देश भर में भूमि से संबंधित प्रशासन में पायी जाने वाली व्यापक भिन्नताएं एक बड़ी चुनौती पेश करती हैं।स्वामित्व और बुवाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को संकलित करने वाले एक मानकीकृत किसान डेटाबेस के महत्व एवं जरूरत को पहचानते हुए, सरकार ने वर्ष 2024 में डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की। किसानों के इस डेटाबेस को मजबूत सहमति तंत्र के साथ गतिशील रूप से अद्यतन किया जाता है। एग्री स्टैक, इस डिजिटल कृषि मिशन का एक प्रमुख स्तंभ है। यह अब इस मिशन के एक मौन लेकिन सशक्त परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में उभर रहा है। इसमें तीन विवरणी (रजिस्ट्री) दृ खेत, किसान और बोई गई फसल – शामिल हैं। एग्री स्टैक भारत की कृषि से जुड़ी यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत का इशारा करता है। एक ऐसा अध्याय, जो माननीय प्रधानमंत्री के 2047 तक शविकसित भारतत्र के सपने को साकार करने के लक्ष्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है।खेत वाली रजिस्ट्री में भौगोलिक संदर्भों के आधार पर कृषि भूखंडों का डेटाबेस शामिल होता है। इनमें से प्रत्येक भूखंड को एक अनूठी कृषि आईडी प्रदान की जाती है। दूसरी परत में, प्रत्येक भूमि के मालिक किसान को एक अनूठी फार्म आईडी प्रदान की जा रही है। इस आईडी में स्वामित्व वाली प्रत्येक भूखंड से संबंधित जरूरी जानकारियों के साथ–साथ सह–स्वामित्व के मामले में हिस्सेदारी का उल्लेख भी शामिल है। यह डेटा अधिकार अभिलेख (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) से गतिशील रूप से जुड़ा हुआ है ताकि विरासत, बिक्री आदि के कारण स्वामित्व में हुआ कोई भी बदलाव किसान रजिस्ट्री में अद्यतन हो जाए। तीसरी परत में प्रत्येक भूखंड पर बोई गई फसल का विवरण शामिल होता है। यह विवरण बुवाई पूरी होने के बाद प्रत्येक फसल के मौसम में किए गए डिजिटलध्तकनीक आधारित फसल सर्वेक्षण के जरिए हासिल किया जाता है।केन्द्र सरकार ने विभिन्न समझौता ज्ञापनों के जरिए 35 राज्यों और केन्द्र– शासित प्रदेशों के साथ साझेदारी की है। इस डिजिटल मिशन को केन्द्र और राज्य के बीच मजबूत सहयोग के जरिए कार्यान्वित किया जा रहा है। इसमें पूर्ण समावेशन सुनिश्चित करते हुए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।एग्री स्टैक एक संघीय डेटाबेस है जिसका स्वामित्व राज्योंध्केन्द्र–शासित प्रदेशों के पास है, लेकिन केन्द्र सरकार सेवाओं की आपूर्ति और डेटा विश्लेषण के लिए इसका उपयोग कर सकती है। इसका उद्देश्य प्रत्येक किसान के लिए एक सत्यापित डिजिटल पहचान बनाना, उस पहचान को सटीक रूप से मैप किए गए भूखंड से जोड़ना और प्रत्येक मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को दर्ज करना है। यह स्टैक नियमों पर आधारित एवं स्वचालित सेवा वितरण को विभिन्न योजनाओं और भौगोलिक क्षेत्रों में संभव बनाता है। इससे किसानों को बार–बार अपनी पहचान, भूमि स्वामित्व या फसल के विवरण को साबित करने की जरूरत नहीं होती है। इसमें गोपनीयता और डेटा संरक्षण संबंधी कानूनों के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए किसानों से संबंधित जानकारी तक पहुंच एक मजबूत सहमति तंत्र के जरिए होती है।कागजी रिकॉर्ड से डिजिटल आधार तक दशकों तक, कृषि संबंधी प्रशासन कागजी अभिलेखों और मैनुअल सर्वेक्षण पर बहुत अधिक निर्भर रहा। यह अक्सर नागरिकों के लिए उत्पीड़न और भ्रष्टाचार का कारण बनता था। एग्री स्टैक इस पुरानी परंपरा से हटकर एक क्रांतिकारी बदलाव लाता है। किसानों की पहचान का डिजिटलीकरण करके और उन्हें भूमि एवं फसल के आंकड़ों से जोड़कर, यह भारतीय कृषि की एक विश्वसनीय और नई तस्वीर पेश करता है।अब तक 9 करोड़ से अधिक किसान आईडी का सृजन इस सफर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ये डिजिटल आईडी एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में कार्य करते हैं। इससे किसानों को बार–बार सत्यापन के बिना कई सेवाओं का लाभ उठाने में मदद मिलती है और लेन–देन की लागत कम हो जाती है। सरकारी एजेंसियों की दृष्टि से, ये आईडी लाभार्थियों की पहचान में होने वाली त्रुटियों को कम करते हैं और लाभ का सही लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित करने में सहायक साबित होते हैं। हालांकि, यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि एग्री स्टैक की शुरुआत मुख्य रूप से किसानों को विभिन्न योजनाओं के लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाने के इरादे से की गई है, लेकिन यह भूमि के रिकॉर्ड या भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र की जगह नहीं लेगा। भले ही अधिकार अभिलेख (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) के साथ इसका जुड़ाव प्रामाणिकता सुनिश्चित करता हो।

डिजिटल फसल सर्वेक्षणरू फसल की वास्तविक जानकारी

वर्ष 2025–26 में, 24 राज्यों ने 600 से अधिक जिलों में लगभग 30 करोड़ भूखंडों पर मोबाइल उपकरणों, जियोटैगिंग और सैटेलाइट की मदद से डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया। यह सर्वेक्षण पारंपरिक विधियों से हटकर एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पारंपरिक विधियां अक्सर धीमी होती थीं और उनमें विसंगतियों या त्रुटियों की गुंजाइश अधिक रहती थी।

यह डेटा उपज का अनुमान लगाने, खरीद की योजना बनाने और बाजार से संबंधित पूर्वानुमान लगाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाता है। यह सूखे, बाढ़ या कीटों के कारण फसल पर पड़ने वाले दबाव की शीघ्र पहचान करके आपदा की तैयारी को भी ठोस बनाता है। किसानों के लिए, बेहतर डेटा समय पर एवं फसल–विशेष से जुड़ी सलाह और गड़बड़ होने पर त्वरित सहायता प्रदान करता है।सहयोग एवं समावेशन पर आधारित इकोसिस्टमदेश भर में भूमि से जुड़े प्रशासन में मौजूद विविधता को ध्यान में रखते हुए, इस संरचना में स्थानीय जरूरतों के अनुरूप इसे अनुकूलित करने का अंतर्निहित लचीलापन है। साथ ही, अंतरसंचालनीयता सुनिश्चित करने हेतु सामान्य मानकों को बनाए रखा गया है ताकि राज्यों और केंद्रीय प्रणालियों के बीच डेटा का निर्बाध आदान–प्रदान संभव हो सके।

उदाहरण के तौर पर, कुछ ऐसे राज्य हैं जहां दशकों से भूमि के रिकॉर्डों को अद्यतन नहीं किया गया है और पूर्वजों के नाम अभी भी दर्ज हैं। भूमि के रिकॉर्डों को अद्यतन करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन इस बीच, मृतक मालिकों के नाम पर दर्ज भूमि पर खेती करने वाले उत्तराधिकारी किसानों को राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन के बाद किसान आईडी जारी किया जा सकता है ताकि लाभों की निरंतरता सुनिश्चित हो सके।

जहां भी राज्य के कानून अनुमति देते हैं और राज्य सहमत होते हैं, वहां मजबूत स्वामी–प्राधिकरण तंत्र के साथ, बटाईदारों और किरायेदार किसानों को भी विशिष्ट योजना के लाभों को हासिल करने के लिए शामिल किया जा सकता है।

उत्तर–पूर्वी राज्यों में, जहां सामुदायिक स्वामित्व का वर्चस्व है, भू–निर्देशांक–आधारित प्रमाणीकरण प्रथागत रीति–रिवाजों को बाधित किए बिना समावेशन की अनुमति देता है।

इससे किसानों को कैसे लाभ होगा?

किसानों के लिए, डिजिटल व्यवस्था का मतलब है कम फॉर्म भरना, स्थानीय कार्यालयों में कम चक्कर लगाना और सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंचने में अधिक पारदर्शिता। भूमि के स्वामित्व और फसलों के इतिहास के अद्यतन विवरणों वाले विश्वसनीय डिजिटल रिकॉर्ड बैंकों और बीमाकर्ताओं को जोखिम का आकलन करने और किसानों की जरूरतों के अनुरूप उत्पाद तौर करने में समर्थ बनाते हैं।एग्री स्टैक में किसान संगठनों को मजबूत करने की क्षमता है। सत्यापित डेटा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को उपज एकत्रित करने, बेहतर कीमतों के लिए बातचीत करने और कार्यशील पूंजी तक अधिक आसानी से पहुंच हासिल करने में मदद कर सकता है।भूमि से जुड़े डेटा को फसलों की बुवाई और मिट्टी की सेहत से संबंधित विवरणों से लैस करने से कृषि के विस्तार में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है, क्योंकि अब किसानों की जरूरतों के अनुरूप सलाह तैयार और प्रसारित की जा सकती है। वह भी बहुत कम लागत पर। किसान स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर बुवाई के सर्वोत्तम समय, सिंचाई कार्यक्रम, पोषक तत्वों के प्रयोग और कीट प्रबंधन के बारे में व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

प्रशासन और नीतिगत प्रक्रिया पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

एग्री स्टैक शासन की प्रक्रियाओं में सुधार लाने और साक्ष्य–आधारि व डेटा–संचालित नीति निर्माण को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशियां भरा रहने वाला है। नए वाहन खरीदने की। आपके आस–पास के कुछ लोग आपके विरोधी भी बन सकते हैं जिनसे आपको सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।

वृष राशि–
आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। विदेश जाने की इच्छा रख रहे लोगों को आज बढ़िया अवसर मौका मिल सकता है।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपको लाभ होगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बीताएंगे।

कर्क राशि–
आज के दिन आपको बहु प्रतीक्षित परिणाम प्राप्त होंगे। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ होने की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए यादगार रहने वाला है। आज आपका पुराना मित्र आपसे मिलने आएगा ,जिनसे मिलकर आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। माता–पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। जीवनसाथी से किसी काम को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आप अपने मित्रों के साथ किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

धनु राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो आपके काम जल्दी पूरे होंगे।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। रूटीन मे डेली मॉर्निंग वाक करने की योजना बनाएंगे जिससे आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

कुंभ राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज परिवार के साथ किसी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का सौभाग्य मिलेगा। किसी बचपन के मित्र से बहुत दिनों बाद मुलाकात होगी,

मीन राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में कार्यरत लोगों को तरक्की मिलने से उन्हें काफी खुशी होगी ।अपने जीवनसाथी का नया काम शुरू करवाएंगे साथ ही आज कुछ बड़ा और अलग

# जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की समीक्षा बैठक

आजमगढ़ (आरएनएस)जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धुध्स्व: रोजगार बन्धुध्एकल मेज व्यवस्थाध्औद्योगिक एवं व्यापारिक सुरक्षा फोरम एवं रोजगार सेक्टर की समीक्षा बैठक की गयी। एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए जिला विकास अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय में संबंधित अधिकारी अपने विभाग से संबंधित लक्ष्य की प्राप्ति करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत लक्ष्य के सापेक्ष किसानों को प्रेरित करते हुए प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा करते हुए डीडीओ ने कहा कि बैंक स्तर पर लम्बित आवेदनों के सापेक्ष यथाशीघ्र बैंकवार लक्ष्य निर्धारित कर आवेदन स्वीकृत करना सुनिश्चित करें।

जिला विकास अधिकारी ने जीबीसी 5.0 के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी अपने विभाग से संबंधित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करते हुए उद्यमियों को प्रेरित करें एवं अधिक से अधिक एमओयू हस्ताक्षरित कराते हुए लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में 190 निवेशकों से प्राप्त विभिन्न निवेश प्रस्तावों का एमओयू. हस्ताक्षरित हैं। विभिन्न विभागों के हस्ताक्षरित एमओयू की अद्यतन प्रगति से सम्बंधित विभाग समिति को अवगत कराया गया, जिसमे 96 इकाईया कार्यरत हो चुकी है तथा 7 इकाईया निर्माणाधीन है। वर्तमान में सी.एम० डैशबोर्ड में जनपद की रैंक ए ग्रेड है। पूर्व बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में कुल 71 अनिच्छुक एम०ओ०यू० को चिन्हित करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दिया गया है तथा शेष एम०ओ०यू० निवेशकों द्वारा अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में लिखित सूचना अपेक्षित है एवं जी०बी०सी० 5.0 हेतु विभिन्न विभागों से समन्वय करते हुए अधिक से अधिक जी०बी०सी० रेडी एम०ओ०यू० कराया जा रहा है। जीबीसी 5.0 के अन्तर्गत आजमगढ़ जनपद को 1000 करोड़ लक्ष्य प्राप्ति का निर्धारण किया गया है, जिसके अन्तर्गत अभी तक कुल 663.66 करोड़ के एम०ओ०यू० का जी०बी०सी० 5.0 के अन्तर्गत तैयार कर लिया गया है, तथा 329.21 करोड़ के एम०ओ०यू० को रेडी मार्क किया गया है।

उक्त के क्रम में डीडीओ ने सभी विभागो से अपेक्षा किया कि वह अपने विभाग के अन्तर्गत आने वाले परियोजनाओं को जल्द से जल्द निवेश सारथी पोर्टल के माध्यम से एम०ओ०यू० कराते हुये जी०बी०सी० 5.0 के अन्तर्गत रेडी करें, तथा अन्य ऐसे विभाग जिनके द्वारा विभिन्न प्रकार के औद्योगिक एन०ओ०सी० व लाईसेन्स निर्गत किये जाते है, वह भी अधिक से अधिक एम०ओ०यू० कराये, जिससे की जी०बी०सी० 5.0 में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।इस अवसर पर उद्यमियोंध्व्यापरियों के समस्याओंध्सुझावों को सुना गया एवं उसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# औद्यानिकी खेती और आधुनिक तकनीकों से किसानों को होगा फायदा

आजमगढ़ (आरएनएस)आज के दौर में खेती केवल पारंपरिक जीविका का साधन नहीं रह गई है, बल्कि यह एक लाभकारी और आधुनिक व्यवसाय के रूप में उभर रही है। अन्नदाता किसानों के उत्थान व उनके स्वालंबन हेतु निरंतर प्रयासरत हैं केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार। बदलते समय के साथ यदि किसान नई तकनीकों और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाएं, तो सीमित संसाधनों में भी बेहतर उत्पादन और अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। प्रदेश में कृषि की असीमित संभावनाओं से कृषकों को अधिकाधिक लाभान्वित करने और अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु योगी सरकार ने इस क्षेत्र में सक्रिय प्रयास किए हैं। उच्च गुणवत्ता वाले बीज, हाइब्रिड किस्में और जैविक बीजों ने फसल की उपज और उत्पादकता को बढ़ावा दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रभावी प्रयासों व नवाचारों के फलस्वरुप कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिणाम प्राप्त हुए हैं जिससे कृषकों को प्रत्यक्ष रूप से अधिक उपज एवं आय प्रदान करने के साथ ही कृषि क्षेत्र की राष्ट्रीय उत्पादन में हिस्सेदारी बढ़ी है।

जिलाधिकारी आजमगढ़ रविंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में कृषि व उद्यान विभाग नवाचार प्रयोगों की तरफ तेजी से अग्रसर हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा समय–समय पर समीक्षा बैठक कर तथा फील्ड भ्रमण के दौरान कृषकों को उद्यान व कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर योजनाओं से आच्छादित कर लाभान्वित करने का सतत प्रयास किया जाता है।ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी है जनपद आजमगढ़ के विकास खंड अजमतगढ़ के ग्राम मेघई खास निवासी कृषक मनोहर सिंह की, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और नई तकनीकों को अपनाकर खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।मनोहर सिंह, जो स्नातक शिक्षित हैं, ने 1.50 हेक्टेयर कृषि भूमि पर उन्नत खेती अपनाया। पहले वे भी अन्य किसानों की तरह पारंपरिक खेती पर निर्भर थे। उनकी खेती पूरी तरह परंपरागत तरीकों से होती थी, जिसमें अधिक श्रम, अधिक लागत और कम लाभ जैसी समस्याएं आम थीं। सिंचाई के लिए अधिक पानी और श्रम की आवश्यकता पड़ती थी, वहीं रोपाई और निराई–गुड़ाई में भी काफी खर्च आता था। इन सभी कारणों से खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही थी, जबकि उत्पादन और मुनाफा अपेक्षाकृत कम था।

समस्याओं से संघर्ष का दौर

मनोहर सिंह बताते हैं कि पहले खेती करना उनके लिए एक चुनौती से कम नहीं था। पारंपरिक सिंचाई व्यवस्था के कारण पानी की बर्बादी होती थी और समय पर सिंचाई न होने से फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इसके अलावा, कीट और रोगों का प्रकोप भी फसलों को नुकसान पहुंचाता था, जिससे उत्पादन में कमी आती थी। बाजार में भी उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। इस कारण खेती से मिलने वाली आय इतनी नहीं थी कि परिवार की आवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जा सके।

श्रम लागत भी एक बड़ी समस्या थी। मजदूरों की उपलब्धता और बढ़ती मजदूरी के कारण खेती का खर्च और बढ़ जाता था। इन सब समस्याओं के चलते मनोहर सिंह को कई बार यह महसूस होता था कि खेती छोड़कर कोई अन्य कार्य किया जाए, लेकिन अपनी जमीन और खेती से जुड़ाव के कारण उन्होंने हार नहीं मानी।औद्यानिकी खेती से आया बदलावमनोहर सिंह के जीवन में बदलाव तब आया जब उन्हें जिलाधिकारी आजमगढ़ रविंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में उद्यान विभाग,आजमगढ़ द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनाओं की जानकारी मिली। एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम आई डी एच) योजना अंतर्गत उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाएं–नवीन दिशा निर्देश में उच्च मूल्य वाली फसलें जैसे–ड्रैगन फ्रूट,स्टाबेरी,खजुर को सम्मिलित करते हुए कास्ट नार्मस संसोधित कर सुगन्धित फसलों, औषधीय फसलों ,पुष्प तथा बीज वाले मसाले, शंकर शाक भाजी में हरी मटर एवं युरोपियन सब्जियों की खेती पर लाभ दिया जाता है । कास्ट नॉर्मसध्अनुदान में वृद्धि की गई हैं।

कृषक मनोहर ने योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें अपनाने का निर्णय लिया। यही निर्णय उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

उन्होंने सबसे पहले ष्पर ड्रॉप, मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन योजनाष् से ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाया। इस तकनीक के माध्यम से पानी सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचता है, जिससे पानी की बचत होती है और पौधों को पर्याप्त नमी मिलती है। इस प्रणाली से लगभग 40 से 50 प्रतिशत तक पानी की बचत हुई। साथ ही, खाद भी सीधे जड़ों तक पहुंचने लगी, जिससे पौधों का विकास बेहतर हुआ।

इसके अलावा, उन्होंने उन्नतशील बीजों का प्रयोग शुरू किया। इससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि हुई। उन्होंने पारंपरिक फसलों के साथ–साथ टमाटर, विभिन्न सब्जियां, फल और औषधीय पौधों की खेती भी शुरू की। यह विविधता उनके लिए लाभकारी साबित हुई।आधुनिक तकनीकों का समावेशमनोहर सिंह ने केवल नई फसलें ही नहीं अपनाईं, बल्कि आधुनिक कृषि तकनीकों को भी अपने खेत में लागू किया। उन्होंने मल्चिंग तकनीक का उपयोग किया, जिससे मिट्टी में नमी बनी रहती है और खरपतवार की वृद्धि कम होती है।

इससे श्रम की आवश्यकता कम हुई और लागत में कमी आई।उन्होंने स्वयं पौध उत्पादन की लोटनल विधि अपनाई, जिससे उन्हें बाहरी स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ा। इससे उनकी लागत और कम हुई तथा पौधों की गुणवत्ता पर उनका नियंत्रण बढ़ा। फसल रोपण में उन्होंने वैज्ञानिक दूरी का पालन किया, जिससे पौधों को पर्याप्त स्थान मिला और उनका विकास बेहतर हुआ। इससे उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली।

लागत और आय का विश्लेषण

मनोहर सिंह की सफलता को उनके आर्थिक आंकड़ों से भी समझा जा सकता है। उन्होंने अपनी फसल उत्पादन में कुल लगभग 2 लाख रुपये की लागत लगाई। आधुनिक तकनीकों और बेहतर प्रबंधन के कारण उन्हें लगभग 150 कुंतल उत्पादन प्राप्त हुआ। इस उत्पादन से उन्हें कुल लगभग 9 लाख रुपये की आय हुई। यदि लागत को घटाया जाए, तो उनकी शुद्ध आय लगभग 7 लाख रुपये रही। यह आय पारंपरिक खेती की तुलना में कई गुना अधिक है।

बहु–फसली खेती का लाभ

मनोहर सिंह का एक महत्वपूर्ण निर्णय था दृ बहु–फसली खेती अपनाना। उन्होंने एक ही खेत में अलग–अलग समय पर विभिन्न फसलों का उत्पादन करना शुरू किया। इससे उन्हें कई लाभ मिले। पहला, बाजार के उतार–चढ़ाव का असर कम हुआ। यदि किसी एक फसल का मूल्य कम भी हुआ, तो अन्य फसलों से इसकी भरपाई हो जाती थी। दूसरा, साल भर आय का स्रोत बना रहा, जिससे आर्थिक स्थिरता आई।

# पुराने पोस्टपेड मीटर वापस लगाने के संदर्भ में दिया ज्ञापन

मीरजापुर। जनपद में स्मार्ट मीटर को लेकर जनाक्रोश बढ़ने लगा है। सोमवार को अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा जिला मुख्यालय पर धरना–प्रदर्शन करते हुए इसे तत्काल बदलने की मांग की गई। करणी सेना के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार की अगुवाई में सोमवार 4 मई 2026 को जिला मुख्यालय पर बड़ी संख्या में करणी सेना के लोगों ने प्रदर्शन करते हुए स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग की। इस दौरान वक्ताओं ने जिलाधिकारी को एक पत्रक सौंपा जो मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को संबोधित रहा है। धरना–प्रदर्शन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए करणी सेना के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने कहा कि मिर्जापुर जनपद सहित अन्य सभी प्रदेशों में इस वक्त इलेक्ट्रॉनिक मीटर का आतंक जनता पर छाया हुआ है। प्रत्येक ग्राहक के बिजली के मीटर में एक चिप लगा हुआ है, जिसे बिजली विभाग के अधिकारीगण अपने चेंबर में बैठे–बैठे रिमोट से कंट्रोल करते हैं और आए दिन लोगों के घरों की समस्याएं बढ़ रही हैं। यह स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का खून चूसने वाला मीटर बन चुका है। ग्राहकों ने पूरा बिजली का बिल दिया हुआ है फिर भी एडवांस बुकिंग के नाम पर उनके पैसे ब्लॉक कर रहे हैं। यदि वह पैसे नहीं दे रहे हैं तो उनके घरों की बिजली काट दी जा रही है। इस धोखाधड़ी का विरोध करते हुए दिलीप सिंह गहरबार ने कहा है कि यदि सरकार ग्राहकों के घरों पर लगाए तमाम स्मार्ट मीटर को वापस उतार कर पुराने जेनुइन मीटर नहीं स्थापित करता है तो स्मार्ट मीटर की धोखाधड़ी के खिलाफ विशाल जन आंदोलन जारी रहेगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी बिजली विभाग की एवं प्रशासन की होगी।

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

'सड़क से सदन तक आंदोलन का ऐलान' शासन ने न्यायालय के आदेश पर अब प्रीपेड मीटर से बिजली मिलने की सुविधा को निरस्त करते हुए वापस पोस्टपेड के माध्यम से बिजली वितरण का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत स्मार्ट मीटर तो लगे रहेंगे परंतु उनको अब पोस्टपेड में स्विच कर दिया जाएगा, परंतु यह व्यवस्था उपभोक्ताओं का स्थाई निराकरण नहीं है क्योंकि चिप के माध्यम से अभी विद्युत विभाग के लोग मनमाना तरीके से विद्युत व्यवस्था को कंट्रोल करते रहेंगे। जिससे उपभोक्ताओं की किसी भी समस्या का समाधान नहीं होगा। समस्या जस की तस्वीर बनी है। इसलिए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन विद्युत विभाग को चेतावनी देने के लिए विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन कर चेतावनी दिया है कि मिर्जापुर जनपद की सभी उपभोक्ताओं के घरों पर लगे स्मार्ट मीटर पता नहीं हटाया गया तो बड़ी संख्या में सड़क से सदन तक धरना प्रदर्शन का आयोजन होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से निवेदन किया है कि उपभोक्ताओं के घरों पर पुरानी व्यवस्था के तहत पोस्टपेड मीटर को पुनः स्थापित किया जाए और जो भी बिल आए उसके भुगतान को अभी के माध्यम से लें ।

# मामूली विवाद पर युवक को चाकू मारा, हालत गंभीर

आजमगढ़ (आरएनएस)थाना क्षेत्र के गोबरहा गांव में सोमवार सुबह मामूली कहासुनी के बाद दो दबंगों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया गया है। आरोपी मौके से फरार हो गए।जानकारी के मुताबिक, गोबरहा निवासी धर्मेंद्र (28) पुत्र राजेश सुबह करीब 8 बजे निर्माणाधीन भवन की देखरेख के लिए जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही गूंगे और सत्यम नामक युवकों ने उनसे गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने धर्मेंद्र पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में धर्मेंद्र लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े।शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों को देखकर आरोपी फरार हो गए। ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और घायल धर्मेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घायल के पिता राजेश ने कोतवाली फूलपुर में गूंगे और सत्यम के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

# 07 मई से प्रारंभ होकर 21 मई 2026 चलने वाले स्व-गणना अभियान के जागरूकता के सम्बन्ध में आयोजित की गयी कार्यशाला

आजमगढ़ (आरएनएस)अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0धजिला जनगणना अधिकारी गम्भीर सिंह एवं जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा जनपद आजमगढ़ के समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक विकास भवन आजमगढ़ में आयोजित की गई। बैठक में आगामी जनगणना–2027 के अंतर्गत चल रहे स्व–गणना (मसम्दिनउमतं.जपवद) कार्यक्रम की प्रगति एवं क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि स्व–गणना अभियान दिनांक 07 से प्रारंभ होकर 21 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न तिथियों पर अलग–अलग समूहों के माध्यम से स्व–गणना कराने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्व–गणना एक स्वैच्छिक एवं अभिनव पहल है, साथ ही यह भारत की पहली डिजिटल जनगणना भी है, जो नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पर आधारित है।जिला विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना से संबंधित समस्त कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, अतः निर्धारित समय–सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।इसी क्रम में स्व–गणना जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हरिऔध कला केंद्र के ऑडिटोरियम में एनसीसी कैडेट्स, परिवहन रोडवेज आजमगढ़ में अधिकारियोंध कर्मचारियों एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आजमगढ़ में छात्रों एवं शिक्षकों के मध्य एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कैडेट्स को स्व–गणना के लाभ, इसकी प्रक्रिया तथा आमजन को इसके प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "आज के युवा ही कल के भारत की नींव हैं और वे देश की दिशा एवं दशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।" उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे स्व–गणना अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेंऔर आजमगढ़ को इस अभियान में प्रदेश में अग्रणी स्थान दिलाने में सहयोग करें।

मास्टर ट्रेनर इं0 कुलभूषण सिंह द्वारा स्व–गणना के विभिन्न आयामों एवं इसकी विशेषताओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

# भाजपा समर्थकों ने माहुल में मनाया जश्न

आजमगढ़ (आरएनएस)पश्चिम बंगाल, असम और पुदुचेरी में भाजपा सरकार बनने की खुशी में नगर पंचायत माहुल के शिवाजी मेन चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया और प्रधानमंत्री के चित्र के साथ उत्सव मनाया।कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता एवं सभासद सुजीत जायसवाल 'आशु' ने किया। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों की जीत है। कार्यकर्ताओं में उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल रहा। जश्न के दौरान प्रमुख रूप से दिनेश अग्रहरि, अतुल मोदनवाल, सुनील सिंह, विशाल मोदनवाल, सनी शर्मा, संदीप जायसवाल, लालू मोदनवाल, प्रिंस अग्रहरि, संजय गुप्ता और अखिलेश पांडे सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी की सफलता पर खुशी जताई और भविष्य में भी इसी तरह जनता के बीच कार्य करने का संकल्प लिया।

# 09 मई को लगेगी लोक अदालत यातायात पुलिस ने बाइक रैली निकालकर किया जागरूक

आजमगढ़ (आरएनएस)जनपद न्यायालय आजमगढ़ में 9 मई शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता एवं व्यापक जन–जागरूकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 04.05.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा विशेष प्रचार अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिसकर्मियों ने अपने दोपहिया वाहनों (बाइकों) के माध्यम से नगर के विभिन्न मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बाइक रैली निकालकर आम जनमानस को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान लाउडस्पीकर एवं पम्पलेट्स के माध्यम से यह जानकारी दी गई कि दीवानी न्यायालय में आयोजित होने वाली लोक अदालत में लंबित शमनीय आपराधिक वाद, वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस (धारा 138 एनआई एक्ट), बैंक रिकवरी एवं विशेष रूप से यातायात चालानों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर कराया जा सकता है।यातायात प्रभारी द्वारा आमजन से अपील की गई कि जिन वाहन स्वामियों के चालान लंबे समय से लंबित हैं, वे दिनांक 09 मई 2026 को लोक अदालत में उपस्थित होकर नियमानुसार छूट का लाभ उठाते हुए अपने वादों का त्वरित निस्तारण कराएं। इससे समय की बचत के साथ–साथ अनावश्यक जुर्माने एवं कानूनी जटिलताओं से भी राहत प्राप्त होगी। उक्त बाइक रैली गिरजाघर चौराहा, कलेक्ट्रेट, सिविल लाइन्स, रैदोपुर तिराहा होते हुए शारदा तिराहा जैसे प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी, जहां पुलिसकर्मियों द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

# फार्मर रजिस्ट्री में छूटी जमीन, जांच की मांग तेज

लालगंज, मीरजापुर। विकासखंड क्षेत्र में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान में खामियां सामने आने लगी हैं। किसानों ने अधूरी प्रविष्टियों को लेकर नाराजगी जताई है। कई गांवों से शिकायत मिली है कि किसानों की पूरी जमीन का विवरण दर्ज नहीं किया गया है। किसानों का कहना है कि जिनकी जमीन एक से अधिक गांवों में है।उनकी अन्य गांवों की भूमि रजिस्ट्री में शामिल नहीं की गई है। इससे उनका रिकॉर्ड अधूरा रह गया है। किसानों को आशंका है कि भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में उन्हें परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अधूरी रजिस्ट्री से फसल बीमा, अनुदान और अन्य योजनाओं में दिक्कत आएगी।ग्रामीणों के अनुसार रजिस्ट्री के दौरान टीमों ने जल्दबाजी में काम किया है। कई जगह सही तरीके से जानकारी नहीं ली गई है। कुछ किसानों ने बताया कि उनसे पूरी जानकारी मांगी ही नहीं गई। इससे कई खामियां रह गई हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे अभियान की जांच कराई जाए। उन्होंने सभी प्रविष्टियों का सत्यापन कराने की भी मांग की है। विकास खंड में फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य 25 हजार किसानों का रखा गया है। इसके सापेक्ष अब तक 21,400 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। करीब 3,400 किसानों का रजिस्ट्रेशन अभी शेष है।खंड विकास अधिकारी विजय शंकर तिवारी ने बताया कि अभियान को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शेष किसानों की रजिस्ट्री एक सप्ताह में पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जहां–जहां शिकायतें मिल रही हैं, वहां सुधार कराया जाएगा।फिलहाल अभियान की रफ्तार तेज है। लेकिन बढ़ती शिकायतों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब प्रशासन के सामने सही और पूर्ण रिकॉर्ड तैयार करना बड़ी चुनौती बन गया है।

# अवैध असलहा तस्करी का भंडाफोड़, पुलिस मुठभेड़ में 2 अन्तर्रजनपदीय असलहा तस्कर गिरफ्तार, एमपी से लाकर यूपी में करते थे सप्लाइ

मीरजापुर। अभी तक तो बिहार से लाकर यूपी में असलहा तस्करी के मामले सुनने में आया करते थे, लेकिन अब इनमें मध्यप्रदेश का भी नाम जुड़ गया है जहां से यूपी के पूर्वांचल में असलहा तस्करी को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे ही एक असलहा तस्करी का मीरजापुर की कछवां थाना पुलिस ने अवैध असलहा तस्करी का भंडाफोड़ कर, पुलिस मुठभेड़ में 2 अन्तर्रजनपदीय असलहा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान इनके कब्जे से 3 पिस्टल मय मैग्जीन, 2 अतिरिक्त मैग्जीन, जिंदा व खोखा कारतूस बरामद किया गया है। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर मुनेन्द्र पाल सिंह, प्रभारी थानाध्यक्ष कछवां के रूप कार्यरत सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षणाधीन कनिष्क आर. जामकर के नेतृत्व में सोमवार को थाना कछवां पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जब पुलिस टीम ने 2 बाइक सवार चार लोग जो भटौली के रास्ते भदोही की तरफ जा रहे थे जो अपने पास अवैध असलहा रखें है। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा भटौली पुलिस श्मशान घाट के पास घेराबंदी कर सघन वाहन चेकिंग की गयी। इस दौरान दो बाइक सवार व्यक्ति आते दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया तो पुलिस से स्वयं को घिरता देखकर बाइक सवारों द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा इस दौरान एक बाइक सवार हरिओम पाण्डेय 22 वर्ष पुत्र गोपाल जी पाण्डेय निवासी मड़फा थाना कोरांव जनपद प्रयागराज व बालअपचारी को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से 3 अदद पिस्टल .32 बोर मय मैग्जीन, 2 अदद अतिरिक्त मैग्जीन, 1 अदद जिन्दा व 1 अदद खोखा कारतूस .32 बोर बरामद किया गया, जबकि दूसरी बाइक सवार दो अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल रहें। मौके से फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। गिरफ्तार असलहा तस्करों द्वारा पुलिस पूछताछ में बताया गया कि वे मध्य प्रदेश से अवैध असलहा कम दामों पर खरीद कर लाते है, जिसे आसपास के जनपदों में ऊंचे दामों पर बेच देते है, बिक्री से प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते है।

## तमंचा लेने की जिद ने ले लीं जान, बहूभोज में हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, रिश्ते का भाई गिरफ्तार

मीरजापुर। बहूभोज में युवक की गोली लगने से हुई मौत का पुलिस ने खुलासा करते हुए रिश्ते में भाई लगने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार 1 मई 2026 को देहात कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम नारीबारी में बहूभोज कार्यक्रम में एक व्यक्ति को गोली लगने से मौत हो जाने का मामला सामने आया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के साथ ही युवक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अजय पुत्र भूतनाथ रैदास, 22 वर्ष की मृत्यु बुंदेला पुत्र रघुनाथ निवासीगण राजापुर देहात कोतवाली के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। मृतक अजय के पिता भूतनाथ की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी थी। इस मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने घटना से सम्बन्धित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश ।

# शैक्षिक गुणवत्ता संवर्द्धन को लेकर हुई समीक्षा बैठक

## ब्लाक मऊ को मिली पहली रैंक

चित्रकूट। निदेशक के निर्देशन एवं प्राचार्या डायट नीलम यादव की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में बेसिक शिक्षा विभाग के अकादमिक एवं अन्य गतिविधियों में अनुसमर्थन एवं सहयोग प्रदान करने तथा शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन को मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में समस्त डायट मेंटर, एसआरजी एवं एआरपी द्वारा माह अप्रैल में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की स्थिति, शिक्षक संकुल बैठक के गुणवत्तापूर्ण आयोजन की प्रगति रिपोर्ट, संकुल शिक्षकों द्वारा संकुल बैठक के डीसीएफ भरे जाने की स्थिति, ब्लॉकवार निपुण तालिका अद्यतन की स्थिति, शिक्षण सामग्री के उपयोग की स्थिति, शिक्षण योजना के अनुरूप शिक्षण कार्य करने की स्थिति, ब्लॉकवार निपुण प्लस ऐप पर आकलन की स्थिति, दीक्षा ऐप के उपयोग तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने की स्थिति तथा कर्मयोगी पोर्टल पर प्रशिक्षण प्राप्त करने की स्थिति, विद्यालयवार गठन तथा विद्यालयों के नोटिफिकेशन संबंधी सूचना भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल पर अपलोड किये जाने की स्थिति, आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास का एसओपी के अनुसार उपयोग करने की स्थिति, विद्यालयों में पुस्तकों के वितरण की स्थिति एवं विषयवार मासिक पाठ्यक्रम पूर्ण होने की स्थिति, स्पोर्ट्स सामग्री के प्रयोग की स्थिति, एसएमसी बैठक के आयोजन की स्थिति, एआरपी द्वारा विद्यालयों में टीएलएम के माध्यम से शिक्षण के प्रदर्शन और उपयोग की स्थिति पर विस्तृत चर्चा किया गया एवं आगामी माह की कार्य योजना तैयार की गई। अप्रैल माह की कार्यों की समीक्षा के आधार पर विकासखंड मऊ को प्रथम रैंक प्रदान किया गया।

# बीएसए ने धूप से बचाव को बच्चों को बांटी कैप

चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा की प्रेरणा और मार्गदर्शन मे जनपद के शिक्षकों द्वारा विद्यालय के गरीब बच्चों के चेहरे मे मुस्कान के लिए लगातार नवाचार किया जा रहा है। शिक्षकों द्वारा कहीं पर वातानुकूलित शिक्षण कक्ष तो कहीं पुस्तकालय, कहीं पाठ्य सामग्री आदि वितरण करके प्रेरित किया जा रहा है। इसी कडी मे कम्पोजिट विद्यालय रामपुर क्षेत्र रामनगर मे बच्चों को धूप से बचाव के लिये कैप वितरण कराया गया। जिसमे बीएसए बीके शर्मा ने बच्चों को कैप पहनाकर उन्हे गर्मी और धूप से बचाव की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक अखिलेश पांडेय सहित समस्त स्टाफ ने आभार व्यक्त किया।

# आयुष आपके द्वार के तहत नि:शुल्क होम्योपैथिक शिविर का हुआ आयोजन

चित्रकूट। आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को रामघाट स्थित श्री मत्तगजेंद्रनाथ स्वामी मंदिर परिसर में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 155 श्रद्धालुओं व मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में गठिया, कमर दर्द, गैस, डायबिटीज व चर्म रोग सहित अन्य रोगों के कुल 155 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। साथ ही संचारी एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय बताते हुए होम्योपैथिक औषधियों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। इसकेअलावा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत होने वाले रोगों के लक्षण व बचाव की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की सलाह दी गई। शिविर मेंवरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश पांडेय, डॉ. प्रीति झा, फार्मासिस्ट आदर्श कुमार, आउटसोर्सिंग कर्मी राम बाबू व मनोज ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सेवाएं दी।

# अमन जायसवाल बने आडिट आफीसर, शुभचिंतकों में खुशी का माहौल

चित्रकूट। नगर के शास्त्री नगर वार्ड नंबर 21 इलाहाबाद रोड कर्वी निवासी अमन जायसवाल ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा में शानदार सफलता हासिल किया है। उन्होंने लोअर पीसीएस के तहत लिखित परीक्षा में कामयाबी हासिल कर ऑडिट आफीसर के पद पर चयनित हुए हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सहकारी समितियां और ग्राम पंचायत विभाग में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अमन जायसवाल के पिता कमलेश जायसवाल व्यापारी हैं और माता कुशल ग्रहणी हैं। अमन चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी से इंटर परीक्षा पास करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे उन्हें यह शानदार सफलता हासिल होने पर पारिवारिक जनों में खुशी का माहौल है।

# वरिष्ठ पत्रकार की माता का निधन पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

आजमगढ़ (आरएनएस)जिला के सगड़ी तहसील क्षेत्र के अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार जगन्नाथ पांडेय की माता, 81 वर्षीय श्यामा देवी का 28 अप्रैल को प्रातः काल लगभग तीन बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।श्यामा देवी के अंतिम संस्कार की विधि गुजरात के अयोध्यापुरम में नर्मदा नदी के पावन घाट पर संपन्न हुई, जहां उनके छोटे पुत्र अयोध्या नाथ पांडेय ने मुखाग्नि दी। शोकाकुल परिवार के बीच नम आंखों और भारी मन से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। ब्रह्मभोज का कार्यक्रम शनिवार, 9 मई को आयोजित किया जाएगा।माता के निधन से पांडेय परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव और क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। हर किसी की जुबान पर बस एक ही बात हैकृईश्वर माता श्यामा देवी को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस शोक की घड़ी में आशीष सिंह, मनोज कुमार राय, उपेंद्र कुमार राय, ब्रह्मानंद राय, दिनेश राय पप्पू, संजय राय, श्रीराम यादव (मास्टर), शिक्षक नेता प्रदीप कुमार तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक हरकेश मिश्रा, अनिल मिश्रा, दिनेश कुमार पांडेय, अशोक पांडेय, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष व शिक्षक उमेश चंद यादव, हरैया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरविंद यादव, प्रधान धर्मेंद्र यादव, रमेश यादव, विनोद यादव, आशीष यादव, पूर्व महाप्रधान अजय कुमार, रामजीत राम सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# भाजपा की जीत पर आजमगढ़ में उमड़ा देशभक्तिका ज्वार, पूजा सिंह के नेतृत्व में भव्य विजय उत्सव

आजमगढ़ (आरएनएस)शहर के पुरानी कोतवाली क्षेत्र में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की शानदार बढ़त और जीत की खबर मिलते ही उत्साह और देशभक्ति का माहौल बन गया। पुरानी कोतवाली पर राष्ट्रीय सनातन सेना भारत, आजमगढ़ इकाई द्वारा भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान शंखनाद, ढोल–नगाड़ों और "जय श्रीराम", "वंदे मातरम्" व "भारत माता की जय" के नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और इसे राष्ट्रवाद, विकास और सांस्कृतिक अस्मिता की जीत बताया।इस पूरे आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष पूजा सिंह की विशेष भूमिका देखने को मिली। उनके नेतृत्व और सक्रिय पहल के कारण कार्यक्रम बेहद व्यवस्थित, ऊर्जावान और प्रभावशाली रहा। आजमगढ़ में संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और राष्ट्रवादी विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने में उनका योगदान उल्लेखनीय बताया गया।अपने संबोधन में पूजा सिंह ने कहा, "पश्चिम बंगाल की जनता ने यह साबित कर दिया है कि देश अब तुष्टिकरण की राजनीति से आगे बढ़कर विकास, सुरक्षा और सनातन मूल्यों को अपनाना चाहता है। यह जीत उन लाखों कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण का परिणाम है, जो बिना थके राष्ट्रसेवा में लगे हैं।उन्होंने आगे कहा कि आजमगढ़ से लेकर बंगाल तक राष्ट्रभक्ति की जो लहर उठी है, वह आने वाले समय में देश को और अधिक सशक्त बनाएगी। उनके आह्वान पर सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती कर देश की एकता, अखंडता और समृद्धि की कामना की गई।

## माता प्यारी देवी स्मारक इंटर कालेज खजुरा मे बोर्ड परीक्षा मे उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओ को किया गया सम्मानित

आजमगढ़ (आरएनएस)मेहनगर थाना क्षेत्र के खजुरा ग्राम सभा मे स्थित माता प्यारी देवी स्मारक इंटर कालेज मे कक्षा 10वी और 12वी मे उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओ को सम्मानित किया गया तथा बच्चो को मिठाई खिलाकर बधाई दिया गया कक्षा 12 मे प्रथम स्थान अभिनव राजभर द्वितीय स्थान रागिनी यादव तथा तृतीय स्थान प्रियंका यादव ने अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया वही कक्षा 10 मे प्रथम स्थान करीना राजभर तथा द्वितीय स्थान अंतिम राजभर तृतीय स्थान सुर्यांश प्रजापति ने हासिल किया वही विद्यालय द्वारा बच्चो को सरस्वती जी का चित्र देकर सम्मानित किया गया विद्यालय के प्रबंधक अशोक सिंह ने बताया की जो बच्चे मेहनत करते है वही आगे बढ़ते है विद्यालय के व्यवस्थापक अमित सिंह ने बच्चो को उत्तीर्ण होने की बधाई देते हुए कहा की आज के बच्चे ही भविष्य की नीव है।

# अस्मिता खेलो इंडिया लीग में चित्रकूट की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

चित्रकूट। खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं स्पोर्ट अथार्टी आफ इंडिया के निर्देश पर प्रदेश में चल रही अस्मिता खेला इंडिया लीग अभियान के तहत चित्रकूट स्पोर्ट स्टेडियम में महिला खिलाड़ियों के लिए यूपी ओलंपिक एवं जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में एक दिवसीय महिला बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभाग से गांव से राष्ट्रीय स्तर तक प्रतिभा प्रदर्शन के अवसर मिलते है। यह पहल विशेष रूप से महिला एथलीटो की भागीदारी बढ़ाने के लिए 2021 में हुई थी। उद्घाटन सदर विधायक अनिल प्रधान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में जिले की छह टीमे रहीं। इसमे शहरी और ग्रामीण अंचल से इटौरा, यूपीएस इटौरा, आरोही पानी संस्था चकौंध, यूएस हरिहरपुर, संत थामस स्कूल खुटहा की टीमो ने बालीबाल खेल का प्रदर्शन किया। इटौरा की दोनो टीमे विजेता और उपविजेता रही। तृतीय स्थान आरोही पानी संस्था को मिला। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि में पंकज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, राजेन्द्र शर्मा, महेश गर्ग, अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे। अंत में विजेता महिला खिलाड़ियों को अतिथियों ने शील्ड व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

# परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पति के बीच कराई सुलह

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। बांदा जिले के बिसंडा की काजल देवी पत्नी राहुल उर्फ दीपू ने अपने पति व ससुराली जनो के विरूद्ध के मारपीट कर घर से निकाल देना, जान से मारने की धमकी एवं अतिरिक्त दहेज की मांग करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया था। एसपी ने प्रार्थना पत्र के निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। परिवार परामर्श केन्द्र टीम महिला मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, सोनिका द्विवेदी व अनामिका द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ो को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

# पुलिस की सतर्कता से नाकाम हुई गांजा सप्लाई की कोशिश

आजमगढ़ (आरएनएस)जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है।थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध गांजा तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौकी प्रभारी गोसाईं की बाजार उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश कश्यप अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति झोले में अवैध गांजा लेकर लालगंज की ओर से बालडीह गांव की तरफ आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने बालडीह गांव के गेट पर घेराबंदी कर सघन चेकिंग शुरू की।कुछ ही देर में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश राय उर्फ कल्लू निवासी बालडीह बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 2.335 किलोग्राम अवैध गांजा और 2140 रुपये नकद बरामद हुए। आरोपी को छक्कै एक्ट की धारा 8द्द20 के तहत गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।इस पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में गंभीरपुर पुलिस नशे के कारोबार के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। उनके कार्यभार संभालने के बाद से क्षेत्र में लगातार नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अपराधियों में भय का माहौल है और आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

# पकड़ा गया शादी का झांसा देकर करता रहा रेप

आजमगढ़ (आरएनएस)थाना सरायमीर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे में ले लिया है। पीड़िता द्वारा थाना सरायमीर में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त अहमद पुत्र अख्तर निवासी संजरपुर ने विवाह का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सरायमीर पर मु0अ0सं0 106द्द26 धारा 69 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम सक्रिय हुई और दिनांक 04.05.2026 को उ0नि0 नीरज गौड़ मय हमराह द्वारा अभियुक्त को संजरपुर छाऊ मोड़ से प्रातः लगभग 09.30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार चौबे के नेतृत्व में सरायमीर पुलिस लगातार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चला रही है। उनके कार्यकाल में हिस्ट्रीशीटरों, संदिग्ध व्यक्तियों एवं आपराधिक तत्वों की सघन चेकिंग की जा रही है, जिससे क्षेत्र में कानून–व्यवस्था मजबूत हो रही है।

# प्रधानाध्यापक के निलंबन के खिलाफ बच्चों के अभिभावकों में दिखा आक्रोश जम कर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी

आजमगढ़ (आरएनएस) तहबरपुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय वेगपुर अयमा के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार के निलंबन के समाचार को सुनकर स्कूल के अभिभावकों में काफी आक्रोश दिखाई दिया। स्कूल गेट के सामने जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किए।गाँव की महिलाएं और पुरुषों ने कहा कि प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार के अच्छे आचरण और अच्छी पढ़ाई के कारण अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से नाम कटाकर प्राथमिक विद्यालय में नाम लिखवाए है। ग्रामीणों ने बताया कि 18 अप्रैल को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री जी का कार्यक्रम अपने जिले आजमगढ़ में लगा था इस उपरांत हमारे गांव की सफाई कर्मी की ड्यूटी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लगी हुई थी और स्कूल की साफ सफाई नहीं हो हो पा रहीं थीं विद्यालय में वृक्ष होने के कारण वृक्ष के पत्ते गिरे पड़े हुए थे जिसको हमारे बच्चे और प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक द्वारा विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की जा रही थी इस उपरांत किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया गया।इसी बात को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया।और कहा की हमारे बच्चों से अगर जबरदस्ती प्रधानअध्यापक द्वारा झाडू लगाया जता और हमारे बच्चों को शिक्षा नहीं दी जाति तो हम इसका विरोध करते लेकिन बेहतर शिक्षा होने के करण हम लोग प्राइवेट स्कूलों से अपने बच्चों का नाम कटाकर यहां पर नाम लिखवाए हैं और हमारे बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल रही है जो यह वीडियो बनाकर वायरल किया गया इससे कोई या साबित नहीं कर सकता है कि हमारे बच्चे से जबरदस्ती झाडू लगाया जा रहा है और उन्होंने कहा कि अगर प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार को बहाल नहीं किया जाएगा तो हम लोग इससे बड़ा धारण करने के लिए बात होंगे आप को बता दे कि प्रधानाध्यापक के निलंबन के विरोध में आज स्कूल के सैकड़ों अभिभावकों जिसमें महिलाएं और पुरुषों ने जम कर विरोध प्रदर्शन किया।

# चालक की गिरफ्तारी न होने से नाराज ग्रामीणों का थाने पर प्रदर्शन

आजमगढ़ (आरएनएस) जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र में कक्षा 9 के छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पकरडीहा गांव निवासी 14 वर्षीय आनंद राजभर की बीते बुधवार को स्कूल जाते समय गोरहरपुर के पास एक स्कूल बस की टक्कर से मृत्यु हो गई थी।घटना के पांच दिन बाद भी आरोपी चालक की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजन और ग्रामीण सोमवार को बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए। आंधी और बारिश के बीच सैकड़ों लोग पैदल मार्च करते हुए अतरौलिया थाने के गेट पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। मृतक के पिता फिरतू राजभर ने बताया कि उनका परिवार बेहद गरीब है और उनका बेटा पढ़ाई में तेज था। उसकी असमय मौत से परिवार को गहरा आघात लगा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आरोपी बस चालक को तुरंत गिरफ्तार किया जाए, परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और सरकारी आवास उपलब्ध कराया जाए। धरना दोपहर करीब एक बजे शुरू हुआ, जो उपजिलाधिकारी बुढ़नपुर अभय राज पांडे और क्षेत्राधिकारी कौस्तुभ त्रिपाठी के मौके पर पहुंचने के बाद समाप्त हुआ। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

# सड़क हादसों में चार लोग घायल

चित्रकूट। अलग–अलग सड़क दुर्घटना मे चार लोग घायल हो गये। पहली दुर्घटना बक्टा गांव के पास की है। बताया गया कि प्रयागराज जनपद के प्रतापुर निवासी केल्ली देवी पत्नी लल्लू अपने पुत्र महादेव व परिवार के भतीजे विष्णु के साथ अपनी पुत्री के यहां बक्टा गांव आई हुई थी। सोमवार की उसके यहां से अपने घर तीनो एक बाइक से प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही गांव के पास पहुंचे तो एक चार पहिया गाड़ी ने ठोकर मार दी। जिससे तीनो घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। जंहा उपचार चल रहा है। इसी क्रम मे भरतकूप थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मऊ ब के मजरा दुर्जन निवासी मुलायम का 13 वर्षीय पुत्र सत्यम सुबह गांव मे साईकिल चला रहा था। तभी उसकी रपटे मे साईकिल स्लीप कर गई। जिससे वह गिर कर घायल हो गाय। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

# सर्पदंश से दो महिला समेत युवक भर्ती

चित्रकूट। अलग–अलग स्थानों मे दो महिलाओ समेत एक युवक को बिषैले सर्प के काटने से उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी रैपुरा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र गया प्रशाद, कोतवाली क्षेत्र के तरौहा निवासी सीमदेवी पत्नी सुशील, रैपुरा निवासी पूनम देवी पत्नी राजमोहन को सर्प के काटने से उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

# आज आडिटोरियम में होगा सम्मान समारोह

चित्रकूट। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों के बढे हुये मानदेय का शुभारम्भ सम्मान समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर से किया जायेगा। जिसका सजीव प्रसारण 11 बजे से प्रत्येक जनपद में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाना है। जिसके क्रम में उपरोक्त कार्यक्रम जनपद स्तर पर मां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में आज मंगलवार को प्रातः 10 बजे ऑडिटोरियम हॉल कलेक्ट्रेट सोनेपुर रोड कर्वी में किया जाना है।

# डीएम ने निरीक्षण कर स्पोर्टस स्टेडियम की देखी व्यवस्था

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग द्वारा स्पोर्टस स्टेडियम में होने वाले कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्टेडियम में बनने वाले तरण ताल स्थल को देखा। प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस जल निगम को भी सिंथेटिक ट्रैक बनाने व बास्केटबाल, लॉन टेनिस कोर्ट में सिंथेटिक लेयर, जिम हॉल और बैडमिन्टन हॉल के अन्दर भी रबर फलोरिंग, बाक्सिंग रिंग के बाहर फैनसिंग के कार्यों को भी अति शीघ्र कराने के लिए भी कार्यदायी संस्था को निर्देश प्रदान किए। स्पोर्टस स्टेडियम में प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए लाइटों को भी ठीक कराने के निर्देश प्रदान किए। स्पोर्टस स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक, तरण ताल व अन्य कार्य होने के बाद से यहां पर आने वाले खिलाडियों को अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। जिससे आकांक्षी जनपद का नाम राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढाने का अवसर मिलेगा।

# गोष्ठी में चित्रकूट को केंद्रशासित प्रदेश व विश्व धरोहर बनाने की उठी मांग

चित्रकूट। जिले को यूपी मेरिट में तृतीय स्थान दिलाने वाले बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय का सनातन शोध संस्थान द्वारा शाल पहनाकर सम्मानित किया।संस्थान के महासचिव संदीप रिछारिया ने अपने उद्बोधन में चित्रकूट की दिव्यता का स्मरण कराते हुए कहा कि यह भूमि केवल भौगोलिक इकाई नहीं बल्कि सृष्टि के आदि स्वर की अभिव्यक्ति है। जहाँ मानव सभ्यता के प्रथम पदचिह्न अंकित हुए। त्रिदेवों द्वारा सेवित इस तपोभूमि को प्रशासनिक सीमाओं ने सीमित कर दिया है। अतः इसे प्रदेशीय बंधनों से मुक्त कर केंद्र शासित प्रदेश का स्वरूप देने और आराध्य श्री कामदगिरि को विश्व धरोहर घोषित कराने का संकल्प लिया गया है। उपाध्यक्ष आनंद सिंह पटेल ने कहा कि चित्रकूट को वैश्विक पहचान दिलाने का यह प्रयास अब जनचेतना का रूप ले चुका है और शीघ्र ही इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उपाध्यक्ष डॉ. संतोष मिश्रा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल धरोहरों का संरक्षण नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को श्रीरामचरित के मानवीय आदर्शों से जोड़ना भी है। उन्होंने बताया कि 16 मई को फ्रेंच भाषा प्रशिक्षण तथा रविवार को निःशुल्क कैरियर काउंसलिंग आयोजित की जाएगी, जिससे युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ा जा सके। मंत्री दयाशंकर गंगेले ने कामदगिरि की अलौकिक संरचना का वर्णन करते हुए सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ आर्थिक विकास पर बल दिया। मंत्री रविकरण तिवारी ने चेताया कि चित्रकूट को मात्र पर्यटन स्थल के रूप में प्रस्तुत करना उसकी आध्यात्मिक गरिमा के विपरीत है। इस अवसर पर अभिनेता एवं सहायक निर्देशक शिवांशु रिछारिया ने अभिनय प्रशिक्षण की नई पहल की जानकारी दी। जबकि निशांत चतुर्वेदी ने युवाओं के मार्गदर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरस्वती सोनी, पूर्व डीएफओ दीक्षित, मीडिया प्रभारी पंकज मिश्रा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# कर्मचारी ने रक्तदान कर मासूम की बचाई जान


चित्रकूट। संयुक्त जिला चिकित्सालय राजकीय रक्त केंद्र में कार्यरत कर्मचारी शंकरदीन ने अपना ब्लड 9वीं बार रक्तदान कर मासूम की जान बचाई है। बताया गया कि मानिकपुर के बौनापुरवा निवासी लवलेश के सात माह के पुत्र को रक्त की जरूरत थी। जिस पर कर्मचारी ने अपना रक्तदान कर जांन बचाई है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती। एक व्यक्ति के रक्तदान से चार लोगों की जान मचाई जा सकती है।

# भाजपाईयों ने ढोल नगाड़ों के साथ निकाला विजय जुलूस

चित्रकूट। पश्चिम बंगाल, असम, पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की विजय पर जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य के नेतृत्व में जिला कार्यालय से धनुष चौराहे तक ढोल नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला गया। मिठाई बांटी गई।जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह जीत लंबे अंतराल से संघर्ष कर रहे कार्यकर्ताओं की जीत है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार के अत्याचार का परिणाम है कि वहां की जनता ने उसे उखाड़ फेंकने का काम किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि यह जीत नरेंद्र मोदी सरकार के सबका साथ सबका विकास के नारे की जीत है। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि बंगाल की जीत बंगाल का विकास तय करेगी। रंजना उपाध्याय, दिव्या त्रिपाठी, अंजू बर्मा, राजेश्वरी द्विवेदी ने जीत को जनता के भाजपा पर भरोसे की जीत बताया। डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बंगाल जीत की सभी को शुभकामनाएं दी। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि बंगाल की जीत से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।

# मुकाबले पर गावस्कर की भविष्यवाणी, दिल्ली को घर में हराना नहीं आसान

दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने डीसी–सीएसके मुकाबले को दोनों टीमों के प्लेऑफ की दौड़ के लिए श्बड़ा मैचश बताया है, जहाँ दोनों ही टीमें जीत के साथ उतर रही हैं। गावस्कर के अनुसार, सीएसके का आत्मविश्वास ऊंचा है, लेकिन दिल्ली को उसके घरेलू मैदान पर हराना चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि उनके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छी लय में हैं।आज दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच होने वाले महत्वपूर्ण रिवेंज वीक मुकाबले से पहले, दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने इस रोमांचक मुकाबले के बारे में अपने विचार साझा किए। दोनों टीमें अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में हैं, और गावस्कर ने दोनों पक्षों के लिए इस मैच के महत्व पर जोर दिया। स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए जियोस्टार के विशेषज्ञ गावस्कर ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही प्लेऑफ की दौड़ में हैं, इसलिए यह मैच दोनों टीमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।सुनील गावस्कर ने कहा कि सीएसके लगातार दो जीत के साथ एमआई के खिलाफ मैदान में उतर रही है, जबकि दिल्ली ने अपना पिछला मैच राजस्थान के खिलाफ जीता था। आत्मविश्वास काफी ऊंचा होगा, खासकर चेन्नई का। लेकिन दिल्ली को उसके घर पर




हराना आसान नहीं होगा। गावस्कर ने दोनों टीमों के कुछ अहम खिलाड़ियों पर भी प्रकाश डाला, जिन पर नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऋतुराज ने अच्छी बल्लेबाजी शुरू कर दी है। मध्य क्रम के बल्लेबाज भी अच्छा योगदान दे रहे हैं। देवाल्ड ब्रेविस का यह सीजन शांत रहा है और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। शिवम दुबे को बल्ले से और अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी, और उनकी फील्डिंग उम्मीद के मुताबिक नहीं रही है।गावस्कर ने कहा कि फिर भी, चेन्नई खेमे में सकारात्मक माहौल दिख रहा है। दिल्ली एक कठिन चुनौती होगी। उनके सलामी बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में हैं और उनका गेंदबाजी आक्रमण भी लय में आ रहा है। चेन्नई उन्हें हल्के में नहीं ले सकती। दिल्ली का बल्लेबाजी विभाग अच्छी फॉर्म में है और गावस्कर ने बताया कि अकील हुसैन कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं अकील हुसैन को दिल्ली के सलामी बल्लेबाजों के खिलाफ नई गेंद से गेंदबाजी करते देखना चाहूंगा। वह अपनी फ्लाइट और वेरिएशन से उन्हें परेशान कर सकते हैं। वह रन बनाना मुश्किल बना देते हैं, इसलिए अगर वह गेंदबाजी की शुरुआत करते हैं, तो दिल्ली को शुरुआत में संघर्ष करना पड़ सकता है। गावस्कर ने यह भी कहा कि टॉस मैच के नतीजे में अहम भूमिका निभा सकता है। इस मैच में टॉस भी बहुत महत्वपूर्ण होगा। सुपर किंग्स आईपीएल 2026 में लगातार तीन जीत हासिल करने के बाद अपने आगामी मैच में आत्मविश्वास से भरी होगी। अपने सबसे हालिया मैच में, उन्होंने चेन्नई में मुंबई इंडियंस को आठ विकेट से हराया था। वहीं, दिल्ली की टीम जयपुर में राजस्थान रॉयल्स पर सात विकेट से शानदार जीत हासिल करने के बाद इस मैच में उतर रही है।

# दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने खुलासा

दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने खुलासा किया है कि टीम मैनेजमेंट के स्पष्ट निर्देशों के बाद उनका पूरा ध्यान पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी कर अधिकतम लाभ उठाने पर है, जो मौजूदा टी20 क्रिकेट की मांग है। राहुल के अनुसार, पावरप्ले जीतने वाली टीमें अक्सर मैच जीतती हैं, और इसी रणनीति के तहत वह टीम को तेज शुरुआत दे रहे हैं।

केएल राहुल ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शीर्ष क्रम में असाधारण प्रदर्शन किया है, और अगर उन्हें शीर्ष चार में जगह बनानी है तो उनका फॉर्म महत्वपूर्ण होगा। डीसी फिलहाल नौ मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। मंगलवार रात दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाने वाले अपने अगले आईपीएल मैच में उनका मुकाबला सीएसके से होगा। जियोस्टार के श्सुपरस्टार्सश कार्यक्रम में बोलते हुए, राहुल ने अपने नए ओपनिंग पार्टनर, पथुम निस्संका और उनकी भूमिका में स्पष्टता के बारे में अपने विचार साझा किए। राहुल ने शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाने के बारे में बात करते हुए कहा कि पिछले दो–तीन वर्षों में टी20 क्रिकेट, खासकर आईपीएल में, काफी विकसित हुआ




है। टीमों के जीतने के तरीकों में एक पैटर्न दिखाई देता है, और हाल ही में पावर प्ले जीतने वाली टीमें अक्सर मैच जीत जाती हैं। कुछ साल पहले, मैच आमतौर पर 14वें और 20वें ओवर के बीच तय होते थे। पावर प्ले हमेशा महत्वपूर्ण रहा है, लेकिन अब इसका महत्व और भी बढ़ गया है। व्यक्तिगत रूप से, मुझे टीम के लिए इस शैली में ढलना पड़ा है।उन्होंने आगे कहा कि इस सीजन में टीम प्रबंधन का संदेश बिल्कुल स्पष्ट था। उन्होंने आईपीएल से पहले मुझसे बात की और मुझसे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने और खुलकर खेलने को कहा। टीमें उस चरण में 60 से अधिक रन बनाने का लक्ष्य रखती हैं। इस स्पष्टता ने मुझे अपनी क्षमताओं के अनुरूप इसे हासिल करने के बारे में सोचने का समय दिया। मैंने हर मैच में इसी इरादे से खेलने की कोशिश की है। आप हमेशा सफल नहीं होंगे, लेकिन विचार सही है। मेरा ध्यान पावरप्ले का अधिकतम लाभ उठाने पर है, क्योंकि यही टीम और टी20 क्रिकेट की वर्तमान मांग है। राहुल इस साल ऑरेंज कैप की दौड़ में नौ पारियों में 433 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं, उनसे आगे सिर्फ अभिषेक शर्मा (440) हैं। उनका औसत 54.12 और स्ट्राइक रेट 185.84 है। इस सीजन में उन्होंने तीन अर्धशतक और एक शतक लगाया है। डीसी में पथुम निस्संका के साथ ओपनिंग करने के बारे में राहुल ने कहा कि यह मजेदार रहा है। बीच में ज्यादा बातचीत नहीं होती। हमने एक–दो अच्छी साझेदारियां की हैं और शानदार शुरुआत की है। टीम यही चाहती है पावरप्ले में लगभग 60 रन। शुरुआती कुछ ओवरों में 25–30 रन का योगदान भी पारी की नींव रख देता है। पथुम और मेरे बीच बातचीत ज्यादातर आक्रामक मानसिकता बनाए रखते हुए अच्छे क्रिकेटिंग शॉट्स खेलने के बारे में होती है। पिछले कुछ सालों में मेरे कई ओपनिंग पार्टनर रहे हैं, इसलिए अलग–अलग खिलाड़ियों के साथ खेलना हमेशा सुखद होता है। आप खेल के बारे में और एक–दूसरे के बारे में बहुत कुछ सीखते हैं।

# क्रिकेटर ने दिखाई जय श्री राम लिखी पर्ची, 15 साल का दर्द किया बयां, जानिए पूरा मामला

मुंबई इंडियंस के गेंदबाज रघु शर्मा ने लखनऊ के खिलाफ अपना पहला प्च्स् विकेट लेने के बाद जेब से एक पर्ची निकालकर जश्न मनाया, जिस पर श्जय श्री रामश लिखा था। इस भावुक नोट में उन्होंने अपने 15 साल के संघर्ष के खत्म होने और मुंबई इंडियंस द्वारा मौका दिए जाने पर आभार व्यक्त किया।मुंबई इंडियंस के स्टार रघु शर्मा ने सोमवार को आईपीएल में अपना पहला विकेट लेने के बाद एक रहस्यमय नोट के साथ जश्न मनाया। उन्होंने आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण किया और साथी नवोदित खिलाड़ी अक्षत रघुवंशी का विकेट लिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी के 13वें ओवर में रघु ने अपनी ही गेंदबाजी पर एक आसान कैच लेकर अपना पहला विकेट हासिल किया और जश्न मनाते हुए उन्होंने अपनी जेब से एक नोट निकाला और स्टैंड्स की ओर दिखाया। नोट में लिखा था – षराधे राधे। गुरुदेव की दिव्य कृपा से आज 15 साल का बहुत दर्द भरा सफर खत्म हुआ। मुझे यह मौका देने के लिए मुंबई इंडियंस (ब्लू एंड गोल्ड) का धन्यवाद। सदा आभारी। जय श्री राम।ष रघु ने अपने 4 ओवरों में 4 विकेट लिए।सलामी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और रेयान रिकेल्टन




के अर्धशतक और दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका की सबसे निचले पायदान की दो टीम के बीच हुए मुकाबले में सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को छह विकेट से हराकर नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से मुंबई के 10 मैच में तीन जीत से छह अंक हो गए हैं और टीम नौवें स्थान पर बनी हुई है। सुपर जाइंट्स की टीम लगातार छठी हार के बाद नौ मैच में चार अंक के साथ 10वें और अंतिम पायदान पर है। सुपर जाइंट्स के 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियन्स ने चोट के बाद वापसी कर रहे रोहित (84 रन, 44 गेंद, छह चौके, सात छक्के) और रिकेल्टन (83 रन, 32 गेंद, छह चौके, आठ छक्के) के बीच पहले विकेट की 143 रन की तूफानी साझेदारी की बदौलत आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 229 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। निकोलस पूरन (63 रन, 21 गेंद, आठ छक्के, एक चौका) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (44 रन, 25 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए 94 रन जोड़े जिससे सुपर जाइंट्स ने पांच विकेट पर 228 रन बनाए। हिम्मत सिंह (नाबाद 40, 31 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और एडेन मारक्रम (नाबाद 31, 25 गेंद, एक छक्का, एक चौका) ने अंत में छठे विकेट के लिए 49 गेंद में 68 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया लेकिन दोनों रन गति में इजाफा करने में नाकाम रहे। मुंबई की ओर से कोर्बिन बॉश सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 20 रन देकर दो विकेट चटकाए।

# क्या अब मैदान पर नहीं दिखेंगे एमएस धोनी पर सस्पेंस, आईपीएल 2024 से बाहर होने का खतरा?

आईपीएल 2026 में एमएस धोनी की वापसी पर सस्पेंस बना हुआ है, क्योंकि वह पिंडली की चोट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए टीम के साथ नहीं गए हैं। सीएसके के कोच एरिक सिमंस ने धोनी की फिटनेस पर सीधा जवाब देने से बचते हुए कहा कि यह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है, जिससे टीम के प्लेऑफ की राह और मुश्किल हो गई है।अनुभवी विकेटकीपर–बल्लेबाज एमएस धोनी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने पुष्टि की है कि वह आगामी आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए टीम के साथ नई दिल्ली नहीं गए हैं। यह मैच मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमंस ने कहा कि एमएस धोनी की स्थिति के बारे में जानकारी देना मेरे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। वह अभी हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन उनकी स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। जब वह खेलने के लिए तैयार होंगे, तभी खेलेंगे और उन्हें पता है




कि कब खेलना है। नहीं, वह टीम के साथ नहीं गए हैं। धोनी इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेले हैं। उनका आखिरी आईपीएल मैच 2025 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 25 मई को हुआ था। पांच बार की चौंपियन सीएसके नौ मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है। सीएसके के लिए समीकरण सीधा है – प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अपने बचे हुए मैचों में कम से कम चार और जीत की जरूरत है। सीएसके के लिए एक सकारात्मक बात यह रही है कि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने पिछले दो मैचों में क्रमशः 74 और 67 रनों की नाबाद पारियां खेलकर रन बनाए हैं।गायकवाड़ को श्अस्त–व्यस्त बल्लेबाजी की दुनिया में सर्जनश बताते हुए सिमंस ने कहा कि दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने अपनी लय फिर से हासिल कर ली है। उन्होंने कहा कि हमने कप्तानी समूह के बारे में स्पष्ट कर दिया है और वह स्पष्ट रूप से टीम के नेता हैं। यह फिर से वही बात थी कि उन्हें रन कब बनाने हैं। उन्होंने कुछ कठिन पारियां खेली हैं, खासकर जब हम मुश्किल में थे। विकेट मुश्किल रहे हैं और उन्होंने उनसे जूझते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि यही एक बेहतरीन बल्लेबाज की पहचान है दृ कि वो अच्छे विकेटों पर रन नहीं बनाते। मेरे लिए तो मैंने उन्हें हमेशा इस उथल–पुथल भरी बल्लेबाजी की दुनिया में एक सर्जन की तरह माना है। साइमन्स ने विस्तार से बताया कि वो उस तरह के खिलाड़ी हैं जो 22 गेंदों में 50 रन बना लेते हैं और किसी को पता भी नहीं चलता। हम उनका वो रूप फिर से देखने लगे हैं। उनमें नेतृत्व क्षमता हमेशा से रही है। वो हमेशा से कप्तान रहे हैं। यह अच्छी बात है कि वो अब रन बना रहे हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं था कि वो रन बनाएंगे। जहां संजू सैमसन, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने रन बनाने में अपना योगदान दिया है, ।

# मुंबई इंडियंस में बड़ा उलटफेर, कप्तान हार्दिक पांड्या अचानक हुए टीम से बाहर, जानिए पूरी वजह

आईपीएल 2026 में संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस के लिए एक और झटका लगा है, क्योंकि कप्तान हार्दिक पांड्या अस्वस्थ होने के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच से बाहर हो गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में, सूर्यकुमार यादव टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि रोहित शर्मा की प्लेइंग इलेवन में वापसी हुई है।मौजूदा आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) 2026 का 47वां मैच मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच 4 मई को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। गौरतलब है कि मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट में संघर्ष कर रही है और प्रतियोगिता से बाहर होने के कगार पर है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या टीम में नहीं होंगे। कप्तान ने बताया कि हार्दिक की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए वे लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव मुंबई में पांच बार की चौंपियन टीम की कप्तानी कर रहे हैं।हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट में लगातार जीत दर्ज करने में नाकाम रही है और नौ मैचों में दो जीत और सात हार के साथ तालिका में नौवें स्थान पर है। प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस के लिए जीत हासिल करना बेहद जरूरी होगा, क्योंकि इससे उन्हें टूर्नामेंट में बने रहने में मदद मिल सकती है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सूर्यकुमार ने हार्दिक के मैच में



न खेलने का कारण बताया और रोहित शर्मा की प्लेइंग इलेवन में वापसी की घोषणा पर दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय कहा कि हम पहले गेंदबाजी करना चाहेंगे। (कोई खास वजह?) कुछ नहीं, मौसम अच्छा है। आज रात थोड़ी उमस भी है। हवा बिल्कुल नहीं चल रही है। दूसरी पारी में हमने देखा कि पिछले 2–3 मैचों में यहां क्या हुआ था। इसलिए पिच थोड़ी बेहतर हो गई है। हम इसका फायदा उठाना चाहते हैं और गेंदबाजों को मौका देना चाहते हैं। हार्दिक आज फिट नहीं हैं, इसलिए हम उनकी जगह खेल रहे हैं। बाकी सब ठीक है।

# युद्ध की आहट से दहला बाजार सोने की कीमतों ने छुआ1,49,950 का स्तर, निवेशकों की बढ़ी चिंता

वैश्विक स्तर पर गहराते भू–राजनीतिक संकट, विशेष रूप से अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के तनाव ने एक बार फिर निवेशकों को सुरक्षित निवेश (मि भ्अमद) की ओर मोड़ दिया है। इस तनाव का सीधा असर आज भारतीय वायदा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों पर देखने को मिला।वैश्विक स्तर पर गहराते भू–राजनीतिक संकट, विशेष रूप से अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के तनाव ने एक बार फिर निवेशकों को सुरक्षित निवेश की ओर मोड़ दिया है। इस तनाव का सीधा असर आज भारतीय वायदा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों पर देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मंगलवार सुबह सोने के भाव में तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत हुई। 5 जून की मैच्योरिटी वाला गोल्ड कॉन्ट्रैक्ट पिछले बंद भाव 1,49,339 के मुकाबले 410 (0.27:) की बढ़त लेकर 1,49,749 प्रति 10 ग्राम पर खुला। जैसे–जैसे वैश्विक तनाव की खबरें तेज हुईं, इंट्राडे ट्रेडिंग के दौरान सोने ने 1,49,950 के उच्च स्तर को छू लिया। यह पिछले दिन के मुकाबले करीब घ611 (0.40:) की बड़ी उछाल थी। हालांकि, शुरुआती तेजी के बाद बाजार में मामूली स्थिरता देखी गई



और आखिरी बार यह घ52 (0.03:) की मामूली बढ़त के साथ घ1,49,391 पर कारोबार करता दिखा। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है  तनाव का बाजार पर असर बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता पैदा कर दी है। आमतौर पर जब भी दो देशों के बीच युद्ध या सैन्य तनाव बढ़ता है, तो शेयर बाजार में गिरावट और सोने–चांदी जैसी कीमती धातुओं में तेजी आती है। निवेशक जोखिम से बचने के लिए अपनी पूंजी को डॉलर और सोने में पार्क करना शुरू कर देते हैं। डब पर चांदी की कीमत इसी तरह, 3 जुलाई, 2026 को मैच्योर होने वाले चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इसने ट्रेडिंग सत्र की शुरुआत 2,43,426 रुपये पर की, जबकि पिछला बंद भाव 2,43,895 रुपये थाय यह 469 रुपये या 0.19 प्रतिशत की गिरावट थी। बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 2,44,326 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जो 431 रुपये या 0.17 प्रतिशत की बढ़त थी।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में, ब्डम्म् पर सोने की कीमत 0.28 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4,545.8 USD प्रति ट्रॉय औंस हो गई। सुबह 10:44 बजे स्पॉट गोल्ड की कीमत 4,539.93 USD प्रति औंस थी, जिसमें 15.90 USD या 0.35 प्रतिशत की बढ़त हुई थी। MCX Gold की शुरुआत स्थिर रही और अभी यह 1,49,000 रुपये से 1,50,000 रुपये के दायरे में ट्रेड कर रहा है। हालांकि, कीमतों में उतार–चढ़ाव से पता चलता है कि अंदरूनी तौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ है। तत्काल रेजिस्टेंस 1,51,000 रुपये से 1,52,000 रुपये पर है, अगर कीमतें इस दायरे से ऊपर बनी रहती हैं तो इससे नजदीकी समय का मंदी का दबाव कम हो सकता है और कीमतें 1,55,000 रुपये से 1,56,000 रुपये के जोन की ओर बढ़ सकती हैं। दूसरी ओर, अगर कीमतें 1,48,000 रुपये से 1,47,000 रुपये से नीचे गिरती हैं तो इससे और कमजोरी आ सकती है और कीमतें 1,45,000 रुपये से 1,44,000 रुपये तक जा सकती हैं जिसमें 1,40,000 रुपये एक मजबूत सपोर्ट बेस का काम करेगा। कुल मिलाकर, नजदीकी समय का रुख सतर्क बना हुआ है, जो डॉलर की मजबूत मांग और बदलती भू–राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित है,ष एनरिच मनी के ब्म्व्, पोनमुडी आर ने कहा।बड़े शहरों में सोने और चांदी की कीमतें देखेंदल्ली में सोने की कीमतदिल्ली में, 24–कैरेट सोने की कीमत 1,49,230 रुपये प्रति 10 ग्राम बताई गई।

# चांदी में 6,800 रुपये का जोरदार उछाल, जबकि सोने की कीमतों में आई 2,000 रुपये की गिरावट

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 6,800 रुपये चढ़कर 2.49 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रही। विदेशी बाजारों में कीमतों पर दबाव के बावजूदआभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की तरफ से मजबूत खरीदारी के कारण घरेलू बाजार में भाव में तेजी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में विपरीत रुख देखने को मिला। जहां एक ओर आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की मजबूत घरेलू मांग के कारण चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी आई, वहीं वैश्विक दबाव और ऊर्जा संकट के बीच सोने के भाव टूट गए। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,000 रुपये, यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर 1,52,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। बृहस्पतिवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,54,800 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''ऊर्जा की ऊंची कीमतों और अमेरिका–ईरान बातचीत को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच सोमवार को कम कारोबार वाले सत्र में सोने की कीमत में गिरावट आई।'' उन्होंने कहा कि तेल की बढ़ती कीमतों ने इस आशंका को और मजबूत किया है कि ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं, और साल के आखिर में इनमें और तेजी आने की आशंका है।

